उज्जैन
शनिवार
07
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-96
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



डॉन 3 और कृष 4 में नजर आएंगी प्रियंका चोपड़ा? बोलीं- पता नहीं इस बारे में कुछ कह सकती हूं या नहीं

पेज- 8

## प्रधानमंत्री मोदी 8 साल बाद मलेशिया दौरे पर जाएंगे

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 फरवरी को दो दिन के मलेशिया दौरे पर जाएंगे। यह दौरा मलेशिया के प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर



इब्राहिम के न्योते पर हो रहा है। विदेश मंत्रालय के सचिव पी. कुमरन ने बताया कि यह दौरा भारत के आसियान देशों के साथ रिश्तों को और मजबूत करने और मलेशिया के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए अहम है। उन्होंने ये भी बताया इस यात्रा में 10 साल से मलेशिया में रह रहे भगोड़े जाकिर नाइक के मुद्दों पर भी चर्चा होगी। भारत इससे पहले भी अलग-अलग मौकों पर ये मामला उठा चुका है। प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा के दौरान 8 फरवरी को भारत-मलेशिया सीईओ फोरम की 10वीं बैठक भी कुआलालंपुर में होगी।

## अग्नि-3 के सफल परीक्षण से भारत की सैन्य ताकत में इजाफा

**नई दिल्ली।** भारत ने अपनी सामरिक रक्षा क्षमता को एक बार फिर मजबूती प्रदान करते हुए ओडिशा तट से परमाणु क्षमता से लैस अग्नि-3 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा किए गए इस परीक्षण को भारत की परमाणु प्रतिरोधक क्षमता और सामरिक सुरक्षा ढांचे के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार मिसाइल परीक्षण के दौरान सभी मिशन उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल किया गया, जिससे भारत की लंबी दूरी तक मार करने वाली सैन्य क्षमता को नया बल मिला है। अग्नि-3 इंटरमीडिएट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल श्रेणी की मिसाइल है, जिसकी मारक क्षमता लगभग 3,000 से 3,500 किलोमीटर तक बताई जाती है।

## पप्पू यादव 31 साल पुराने केस में पटना से गिरफ्तार

**पटना।** सांसद पप्पू यादव को शनिवार सुबह पटना पुलिस आईजीआईएमएस से लेकर पीएमसीएच पहुंची है।



गिरफ्तारी के दौरान चोट लगने के कारण उनके सिर में दर्द है, साथ ही धड़कन बढ़ने से उन्हें तकलीफ हो रही है। पटना पुलिस ने पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को शुक्रवार देर रात 12 बजे गिरफ्तार किया है। 31 साल पुराने केस में पटना की विशेष अदालत ने पप्पू यादव समेत 3 आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी के आदेश दिए थे। पटना पुलिस की टीम शुक्रवार रात पप्पू यादव के मंदिरी स्थित आवास पर पहुंची।

## मेघालय खदान हादसे में मौतों का आंकड़ा 25 पहुंचा, 2 मालिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मेघालय के ईस्ट जैंतिया हिल्स जिले में अवैध रैट-होल कोयला खदान हादसे में मौत का आंकड़ा 25 हो गया है। गुरुवार सुबह डायनामाइट विस्फोट के बाद हुए इस हादसे में 8 मजदूर घायल भी हुए हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्पेशल रेस्क्यू टीमें तब से लगातार बचाव कार्य में जुटी हैं। हालांकि, कच्ची खदान की संकरी सुरंगों में पानी भर गया है। विस्फोट के बाद जहरीली गैस जमा होने से रेस्क्यू की रफ्तार धीमी है। पुलिस ने अवैध खदान चलाने के आरोप में दो मालिकों (शमेही वार और फॉर्मे चिरमांग) को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य आरोपी की पहचान कर ली गई है। सीएम कॉनराड संगमा के निर्देश पर खनन और स्वास्थ्य विभाग के दो कैबिनेट मंत्री मौके पर पहुंचे। इस हादसे में नेपाल के सगे भाई पूर्ण बहादुर खापांगी और सुरेंद्र खापांगी की मौत हुई है।

### आज से हो रही टी-20 वर्ल्ड कप की शुरूआत

# भारत का पहला मुकाबला अमेरिका से

## रोहित-कोहली के बिना पहली बार टी-20 वर्ल्डकप खेलेगा इंडिया, नेत्रवलकर बड़ी चुनौती

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

आज से टी-20 वर्ल्ड कप की शुरूआत हो रही है। वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया अपना टाइटल बचाने उतरी है। अब तक दुनिया की कोई भी टीम अपना टाइटल डिफेंड नहीं कर सकी है।

पहली चुनौती अमेरिका की है, वहीं अमेरिका जिसने पिछले वर्ल्ड कप में रोहित-कोहली की मौजूदगी वाली टीम इंडिया के पसीने छुड़ा दिए थे। टीम में महज 4 प्लेयर्स ऐसे हैं, जो अमेरिका में जन्मे हैं। 11 प्लेयर बाहर से आए हैं।

वानखेड़े स्टेडियम की पिच पर लेफ्टी पेसर सौरभ नेत्रावलकर भारतीय बैटर्स के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकते हैं। उन्होंने पिछले मैच में रोहित और कोहली को पावरप्ले के अंदर पवेलियन भेजा था।




### वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद कोई सीरीज नहीं गंवाई

हालिया फार्म में भारतीय टीम का कोई सामी नहीं है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि टीम इंडिया ने 16 दिन पहले रायपुर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 209 रन का टारगेट महज 15.2 ओवर में चेज कर लिया था। भारतीय टीम ने पिछले टी-20 वर्ल्डकप के बाद से कोई भी टी-20 सीरीज नहीं गंवाई है। उसने 8 टीमों के खिलाफ बाइलैटरल सीरीज खेली हैं, इनमें से 4 विपक्षी टीम के घर में खेली गई हैं। मैच रिकॉर्ड की बात करें तो टीम ने 34 में से 25 मैचों में जीत हासिल की है। उसे केवल 6 मैचों में हार मिली। एक मैच टाई हुआ और 2 मैच नो रिजल्ट रहे। दूसरी ओर वअर ने पिछले साल ओमान के साथ 3 मैचों की सीरीज खेली थी। जिसमें उसे जीत मिली।

### यूएसए के खिलाफ 100% जीत का रिकॉर्ड

- यूएसए के खिलाफ भारतीय टीम का विक्ट्री रिकॉर्ड 100% है। बात अलग है कि दोनों टीमों के बीच अब तक एक ही टी-20 मैच खेला गया है। जो पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में खेला गया था। उस मैच को भारत ने 7 विकेट से जीता था।
- न्यूयॉर्क के नसाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में पहले बैटिंग करते हुए वअर ने महज 110 रन बनाए थे। टीम इंडिया को 111 रन का टारगेट चेज करने में 18.2 ओवर लग गए थे। यूएसए के पेसर सौरभ नेत्रवलकर ने अपने पहले स्पेल में विराट कोहली और रोहित शर्मा को पवेलियन भेज दिया था।

## बॉलीवुड सिंगर मीका सिंह तड़के महाकाल मंदिर पहुंचे



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक मीका सिंह शनिवार तड़के करीब चार बजे श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। वे सुबह होने वाली भस्म आरती में शामिल हुए। इस दौरान मीका सिंह ने नंदी हॉल में लगभग डेढ़ घंटे तक बैठकर भगवान महाकाल की आरती के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया।

मीका सिंह इंदौर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे। इसी दौरान वे भगवान महाकाल के दर्शन और पूजन-अर्चन के लिए उज्जैन पहुंचे और भस्म आरती में भाग लिया। आरती के दौरान वे पूरी तरह महाकाल की भक्ति में लीन नजर आए। आरती के पश्चात उन्होंने देहरी से पूजन कर भगवान का आशीर्वाद लिया।

## कोर्ट ने नाबालिग को गर्भपात की परमिशन दी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 17 साल की एक नाबालिग लड़की की 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी को मेडिकल टर्मिनेट करने की परमिशन दी। कोर्ट ने कहा कि किसी महिला, खासकर नाबालिग को, उसकी इच्छा के खिलाफ प्रेग्नेंसी जारी रखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जवल भुयान की बेंच ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को रद्द किया। कोर्ट के सामने मामला एक नाबालिग लड़की का था, जो पड़ोस के एक लड़के के साथ रिश्ते के दौरान प्रेग्नेंट हो गई थी और उसने मांग की है कि उसकी प्रेग्नेंसी खत्म कर दी जाए। कोर्ट ने मुंबई के जेजे हॉस्पिटल को निर्देश दिया कि वे सावधानियों को ध्यान में रखते हुए लड़की का मेडिकल गर्भपात करें। मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट में कहा गया था कि यदि गर्भावस्था को पूरा समय दिया जाए तो मां और बच्चे की जान को कोई तुरंत कोई खतरा नहीं है। इसके बावजूद कोर्ट ने कहा कि मां की इच्छा और उसका अपने शरीर पर अधिकार सबसे ज्यादा जरूरी है। अगर कोई महिला, खासकर नाबालिग प्रेग्नेंसी जारी नहीं रखना चाहती तो कोर्ट उसे मजबूर नहीं कर सकता।

### भारत पर अमेरिकी एक्स्ट्रा टैरिफ आज से खत्म

## अमेरिका 30 लाख करोड़ डॉलर का बाजार खोलेगा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क जारी किया है। इसके तहत भारतीय सामान पर अमेरिका का टैक्स 50% घटाकर 18% कर दिया गया है। रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25% अतिरिक्त टैक्स भी हटा लिया गया है।

दोनों देशों ने कहा कि इस फ्रेमवर्क को जल्द लागू किया जाएगा और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में बातचीत आगे बढ़ेगी। भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान के मुताबिक, यह फ्रेमवर्क 13 फरवरी 2025 को शुरू हुई भारत-अमेरिका बीटीए वार्ता को आगे बढ़ाएगा।

इस समझौते में आगे चलकर बाजार पहुंच, सप्लाई चेन को मजबूत करने और ट्रेड बैरियर कम करने जैसे प्रावधान शामिल होंगे। इसके तहत भारत अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं पर सभी टैरिफ खत्म या कम करेगा। कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 27.18 लाख करोड़ रुपये) के बाजार को खोलेगा। उनके मुताबिक, एमएसएमई, किसान और मछुआरे सबसे बड़े लाभार्थी होंगे और इससे महिलाओं और युवाओं के लिए लाखों नए रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। इसके अलावा भारत ने अगले पांच साल में अमेरिका से 500 अरब डॉलर (45 लाख 30 हजार करोड़ रुपये) के उत्पाद खरीदने पर सहमति जताई है।

# अब ठेकेदारों को भारी पड़ेगा रेत खदानों का ठेका लेकर बीच में छोड़ना

## राजस्व नुकसान की भरपाई पुराने ठेकेदार को ही करनी होगी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जिले में भी रेत खदानों का ठेका लेकर बीच में छोड़ना अब ठेकेदारों को भारी पड़ेगा। राज्य सरकार ने रेत खनन से जुड़े नियमों में सख्ती करते हुए ठेकेदारों पर नई शर्तें लागू कर दी हैं। अब यदि कोई ठेकेदार बीच अवधि में रेत खदान का ठेका छोड़ता है और दोबारा होने वाली नीलामी में ठेका मूल्य कम प्राप्त होता है, तो शेष अवधि के लिए हुए राजस्व नुकसान की भरपाई पुराने ठेकेदार को ही करनी होगी। इसके साथ ही एक नई शर्त जोड़ी गई है कि रेत खदान का ठेका लेने के बाद ठेकेदार उसे कम से कम एक साल तक सरेंडर नहीं कर सकेगा।

खनिज विभाग ने इसके लिए मध्य प्रदेश रेत खनन, परिवहन, भंडारण एवं व्यापार नियमों में संशोधन कर दिया है। संशोधित नियमों के तहत अब सभी प्रकार की रेत खदानों के ठेके के लिए एक समान प्रारंभिक आधार मूल्य (अपसेट प्राइज) तय किया गया है।



समूह की निविदा में शामिल सभी खदानों में उपलब्ध रेत की कुल मात्रा (घन मीटर में) के योग का 250 गुना (रुपयों में) उस समूह का प्रारंभिक आधार मूल्य होगा। हालांकि, रेत की मांग के आकलन के आधार पर खदानों की कुल मात्रा से अलग मात्रा निर्धारित करने का प्रावधान भी रखा गया है। ठेकेदार की राशि जब्त करेगा खनिज विभागः रेत खदानों के ठे-के के लिए अब बैंक गारंटी की वैधता अवधि निविदा आमंत्रण की तिथि से 240 दिन होगी। पहले यह अवधि 180 दिन थी। वहीं, यदि सफल ठेकेदार सात दिन में निर्धारित राशि जमा नहीं कर पाता है, तो वह कारण बताते हुए अतिरिक्त समय की मांग कर सकेगा।

- समुचित कारणों पर खनिज निगम अधिकतम 10 दिन का अतिरिक्त समय दे सकेगा। इसके बाद भी राशि जमा नहीं होने पर निविदा निरस्त कर दी जाएगी और जमा की गई अग्रिम राशि निगम द्वारा जब्त कर ली जाएगी। इसके बाद पुनः ई-निविदा सह नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।
- यदि माइन डेवलपर कम ऑपरेटर (एमडीओ) द्वारा ठेका समर्पित किया जाता है और समूह की पुनर्निविदा की जाती है, तो उस समूह का प्रारंभिक आधार मूल्य मूल अनुबंध की तिथि से ठेका समर्पण की प्रभावी तिथि तक की अवधि के लिए प्रत्येक वर्ष या उसके भाग के लिए 10 प्रतिशत की दर से बढ़ाया जाएगा। नए नियम के अनुसार यदि कोई ठेका निरस्त होता है, तो ठेकेदार की जमा की गई सुरक्षा राशि (सिक्योरिटी डिपोजिट) को जब्त कर लिया जाएगा और बकाया राशि की वसूली भू-राजस्व की बकाया रकम के तौर पर सख्ती से की जाएगी। सरकार ने साफ कर दिया है कि अगर ठेकेदार ने पर्यावरण नियमों का उल्लंघन किया, स्वीकृत क्षेत्र से बाहर खुदाई की या समय पर पैसा जमा नहीं किया, तो भी भारी पेनल्टी लगेगी।



## खबर एक नजर...

### हत्या के आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल

**उज्जैन।** शासकीय विद्यालय से सेवानिवृत्त प्राचार्य रमाशंकर शर्मा 85 साल निवासी पिपलीबाजार भैरवगढ़ की बुधवार दोपहर चौधरी मोहल्ला में रहने वाले मोहन तंवर ने लाठी से हमला कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने कुछ घंटे बाद ही आरोपी को गिरफ्तार कर उससे हत्या में प्रयुक्त लाठी बरामद की थी। पूछताछ में आरोपी का कहना था कि वृद्ध उसकी गली से निकलते समय घर के सामने थूकता था। उसे कई बार मना किया था, बुधवार को उसे देख गुस्सा आ गया था। आरोपी के गिरफ्त में आने बाद कहा जा रहा था कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। लेकिन पूछताछ में ऐसा कुछ सामने नहीं आया। शुक्रवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### मॉडल व श्रमोदय आवासीय स्कूल प्रवेश परीक्षा कल

**उज्जैन।** जिला उत्कृष्ट व मॉडल स्कूल और श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को आयोजित की जाएगी, जिसके प्रवेश पत्र जारी हो चुके हैं। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी सूचना के अनुसार परीक्षा सुबह 11 बजे से शुरू होगी। विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं।

### होली के लिए 12 स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़ाए

**उज्जैन।** होली त्योहार की अवधि के दौरान बढ़ती यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए विशेष किराये पर संचालित 12 स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़ाए गए हैं। पीआरओ मुकेश कुमार के अनुसार ट्रेन नंबर 09622 बांद्रा टर्मिनस-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल 30 मार्च तक विस्तारित, ट्रेन नंबर 09621 अजमेर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल 29 मार्च तक विस्तारित, ट्रेन नंबर 09625 अजमेर-दौंड साप्ताहिक स्पेशल 26 मार्च तक विस्तारित की गई है। इसी तरह ट्रेन नंबर 09626 दौंड-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल 27 मार्च तक विस्तारित, ट्रेन नंबर 09627 अजमेर-सोलापुर साप्ताहिक स्पेशल 25 मार्च तक विस्तारित, ट्रेन नंबर 09628 सोलापुर-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल 26 मार्च तक विस्तारित, ट्रेन नंबर 04715 बीकानेर-सांई नगर शिर्डी साप्ताहिक स्पेशल 28 मार्च तक विस्तारित, ट्रेन नंबर 04716 सांई नगर शिर्डी-बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल 29 मार्च तक विस्तारित की है। ट्रेन नंबर 04725 हिसार-खड़की साप्ताहिक स्पेशल 29 मार्च, ट्रेन नंबर 04726 खड़की-हिसार साप्ताहिक स्पेशल 30 मार्च तक, ट्रेन नंबर 04727 हिसार-वलसाड साप्ताहिक स्पेशल 25 मार्च और ट्रेन नंबर 04728 वलसाड-हिसार साप्ताहिक स्पेशल 26 मार्च तक विस्तारित की गई है।

### पीटीएस में जवानों के सुझाव के लिए जारी किया क्यूआर कोड

**उज्जैन।** मक्सी रोड स्थित पुलिस प्रशिक्षण शाला में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं प्रशिक्षणरत नव आरक्षकों के लिए सुझाव के लिए क्यूआर कोड जारी किया गया। क्यूआर कोड स्कैन कर वे सुझाव दे सकेंगे, जिस पर तत्काल ध्यान देते हुए बेहतर सुझावों को अमल में लाया जाएगा। शुक्रवार को पुलिस प्रशिक्षण शाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पीटीएस पुलिस अधीक्षक मनीषा पाठक सोनी द्वारा गृहमंत्री द्वारा अति उत्कृष्ट सेवा पदक प्राप्त प्रधान आरक्षक वीरेंद्र तोमर, प्रधान आरक्षक विजय झाला, प्रधान आरक्षक चालक ओमप्रकाश परमार समेत प्रथम सेमेस्टर में विषय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले नव आरक्षक आदित्य उपाध्याय, सत्यम, राहुल अहिरवार, मनीष गोरख, राहुल सिंह, पीयूष दुबे, सत्यम तिवारी, विक्रम दहिया का स्वागत किया। वहीं पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं नव आरक्षक की भोजन, मेस व्यवस्था, आवास, आंतरिक प्रशिक्षण, आउटडोर प्रशिक्षण, परिसर सफाई व्यवस्था, कल्याणकारी गतिविधियां आदि के संबंध में चर्चा की एवं उनके संबंध में आने वाली समस्या के निराकरण के लिए संबंधित प्रभारी को निर्देशित भी किया गया।

# सिंहस्थ मेले की पार्किंग में एआई का उपयोग होगा

## लेवल-1 और 2 पार्किंग होगी हाईटेक, पहुंचने से पहले मिलेगी सभी जानकारी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ मेले की पार्किंग व्यवस्था को हाईटेक बनाया जाएगा। इसके लिए पार्किंग में एआई (एआई) तकनीक का उपयोग किया जाएगा। एआई सुविधा से युक्त दो पार्किंग उज्जैन के सिकंदरी और गंगेडी गांव में बनाई जा रही हैं। अधिकारियों ने इन्हें मेले से पहले तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन सिंह ने आगामी सिंहस्थ 2028 में निजी वाहनों से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के संभावित आगमन को देखते हुए पार्किंग स्थलों की कार्ययोजना पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यातायात अवरुद्ध न हो, इसके लिए पार्किंग स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों पर सुव्यवस्थित वाहन टर्निंग की सुविधा तथा सर्विस लेन के चौड़ीकरण की व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने बताया कि सिंहस्थ 2028 के दौरान लेवल-1 पार्किंग सिंहस्थ मेला क्षेत्र में ही रहेगी।



**मुख्य मार्गों पर यातायात बाधित न हो-** पार्किंग से श्रद्धालुओं का निर्गम इस प्रकार किया जाए कि मुख्य मार्गों पर यातायात बाधित न हो। पार्किंग स्थलों में आधुनिक तकनीकों और एआई का उपयोग कर श्रद्धालुओं को पार्किंग की रियल-टाइम स्थिति से अवगत कराया जाएगा। लेवल-1 और लेवल-2 पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन कर विस्तृत कार्ययोजना बनाई जाएगी। लेवल-1 पार्किंग का उपयोग कम भीड़ वाले दिनों में किया जाएगा, जबकि लेवल-2 पार्किंग मेला क्षेत्र से 5 किलोमीटर से अधिक परिधि में रहेगी और इसका उपयोग अधिक भीड़ वाले दिनों में किया जाएगा।

# गेहूं खरीदी पंजीयन आज से

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी के लिए आज 7 फरवरी किसान पंजीयन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके लिए जिले की 146 सहकारी सोसायटियों में पंजीयन होगा। पंजीयन में इस बार सिकमी (बंटाई या लीज पर खेती करने वाले किसानों) के लिए 2 फरवरी से पहले का लिखित अनुबंध देना अनिवार्य रहेगा।

फरवरी के बाद बंटाई या लीज संबंधी अनुबंध इस बार मान्य नहीं होंगे। इसे लेकर खाद्य विभाग ने स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए हैं, ताकि बंटाई या लीज के नाम पर कोई अपात्र व्यक्ति समर्थन मूल्य का लाभ नहीं ले सके। इससे पहले तक सिकमी पंजीयन के लिए अनुबंध की तारीख को लेकर कोई प्रतिबंध नहीं था। इसे लेकर कुछ जिलों से कुछ व्यापारियों द्वारा किसानों से सिकमी का अनुबंध कराकर किसान पंजीयन कराते हुए समर्थन मूल्य पर उपज बेचने जैसी शिकायतें आ रही थी। इसी को लेकर इस साल सिकमी अनुबंध करने की तारीख तय कर दी है। पंजीयन के पहले गिरदावरी अनिवार्य गेहूं बेचने का पंजीयन कराने से पहले किसानों को गिरदावरी हो जाने की जांच करना होगी, क्योंकि खसरे में दर्ज फसल के रकबे के आधार पर ही गेहूं के रकबे व ?उपज बेचने की लिमिट तय होगी। ऐसा नहीं होने पर पंजीयन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ेगी। इधर, जिला सहकारी बैंक के किसानों को अपनी बैंक लिमिट भी बढ़ाना होगी। सीसीबी के खातों में अक्सर सीमित लिमिट होने के कारण 2 लाख रुपए से ज्यादा का भुगतान डालने में दिक्कतें आती है। किसान पंजीयन के लिए सभी केंद्र शुरू करवा दिए हैं। किसान राजस्व से गिरदावरी करवाकर जल्द से जल्द पंजीयन करवा लें, ताकि बाद में पोर्टल स्लो चलने जैसी तकनीकी समस्याएं न आए। किसान समस्या से बचे।

# टीवी शो की प्रसिद्ध एक्ट्रेस रश्मि देसाई महाकाल मंदिर पहुंचीं



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

टीवी जगत की प्रसिद्ध अभिनेत्री रश्मि देसाई शुक्रवार को उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने भगवान महाकाल का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया। रश्मि देसाई ने गणेश मंडपम से भगवान महाकाल के दर्शन किए और मंदिर में पूजा-अर्चना कर अपने आगामी प्रोजेक्ट की सफलता की कामना की। उन्होंने बताया कि वे जल्द ही एक नए शो पर काम करने वाली हैं और उसी की घोषणा से पहले महाकाल का आशीर्वाद लेने आई हैं। उन्होंने कहा कि भगवान महाकाल बिना मांगे सब कुछ दे देते हैं और मंदिर समिति की व्यवस्थाएं बेहद अच्छी हैं, जिससे उन्हें सुगमता से दर्शन करने का अवसर मिला।

## खरी खरी



# काश संस्कार खरीदे जा सकते

■ पं. राहुल शुक्ल

संस्कार कहां से खरीद पाओगे? संसार मे कहीं भी ऐसा बाजार अभी तक तो नहीं जहां से संस्कार खरीदकर अपने व्यक्तित्व मे जोड लिए जाएं। धन के मद में चूर धनपति, शादी व अन्य समारोह मे बस पैसों से चमक दमक व तड़क भड़क का ऊपरी दिखावा ही कर सकते हैं। शानो-शौकत भरी महफिल मे मखमल की कालीन पर टाट का पैबंद उस समय नजर आता है जब बफे डिनर के काउंटर पर आये हुए अतिथि भीड लगाकर गिद्धों या कौवों जैसे व्यंजनों की छीना- झपटी करते हैं और काफी देर से खड़े भद्र व्यक्ति को धक्का देकर मनपसंद लजीज व्यंजन झपट लेते हैं। यहां किसी भी प्रकार का अनुशासन नहीं होता और एक ही कानून होता है जिसमें दम वो है मीर मतलब जो जितना (अ) भद्र उसकी तूती बोलेगी। व्यंजनों के काउंटर पर छीना झपटी के इस युद्ध मे कई लोगों की प्लेट गिरती हैं और सज्जन लोगों के साफ सुथरे पार्टी वियर पर एक यादगार दाग (सब्जी या चाशनी) जरूर छोड़ जाते हैं जिससे पार्टी स्मृतियों मे रहे। महंगे कपड़ों में लिपटी महिलाएं व्यंजनों से भरी प्लेट लेकर काउंटर से ऐसे कूच करती हैं जैसे कोई स्पर्धा जीतकर जा रही हों और इसी दौरान आपके कीमती कपड़ों से प्लेट टकरा कर उनकी वाट लगा जाती हैं। यदि आपने घूरा तो एक प्यारा लफ्ज सॉरी और मामले की इतिश्री। ये सॉरी बोलना तो अंग्रेजों से सीख लिया तनिक उनसे बफे डिनर की संजीदगी भी सीखी होती तो ज्यादा अच्छा होता। विगत दिनों इंदौर एक विवाह समारोह मे शरीक हुआ जहां के दृश्य देखे तो एक ही कामना ईश्वर से की सोच समझ वालों को थोड़ी नादानी दे मोला महंगी कार व वाहनों से सूटेड बूटेड लोग पार्टी की शोभा तो बढ़ा रहे थे पर संस्कार के मामले मे बेहद गरीब नजर आए और विडंबना ये कि संस्कार किसी दुकान पर मिलते नहीं पैसे देकर।

**मंच पर देर तक बातचीत-** दूसरा दृश्य भी भद्रजनों के लिए मुसीबत का सबब बनता है जब दूल्हा-दुल्हन को व्यवहार देने स्टेज की ओर जाना होता है। स्टेज पर गिफ्ट देनेवाले इंतजार करते लोग कतारबद्ध होते हैं पर कुछ महंगे कपड़े पहने (अ) शालीन लोग बीच मे से निकल सीधे स्टेज पर अवतरित हो जाते हैं और देर तक दूल्हे या दुल्हन से बतियाते हैं जैसे बातों का स्टाक आज ही खत्म करके अपने घर जाएंगे ऐसे मे लाइन मे लगे लोग अपनी किस्मत को रोते हुए घडी देखते हैं और ये सोच संतोष कर लेते हैं कि आज न जाने किस का मुंह देखा सुबह जो ये यंत्रणा सहना पड़ रही है। विवाह समारोह में उपस्थित सूट वाले भाई या सजीधजी भाभीजी ने विवाह मे आने के पहले बाजार से कई चीजें खरीदी पर अफसोस ये है कि संस्कार किसी दुकान पर मिले नहीं बिकते हुए।


## शिप्रा नदी में स्वच्छ पानी बहाव के लिए अफसरों ने पिछले 10 सालों में 500 करोड़ रुपए से ज्यादा फूंक दिए

# लेकिन नदी में मिल रहा गंदा पानी नहीं रोक सके

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पूजनीय, मोक्षदायिनी, पापनाशिनी हे मां शिप्रा... हमें माफ करना। धर्मनगरी उज्जैन की पवित्र शिप्रा नदी में स्वच्छ पानी बहाव के लिए अफसरों ने पिछले 10 सालों में 500 करोड़ रुपए से ज्यादा फूंक दिए, लेकिन नदी में मिल रहा गंदा पानी नहीं रोक सके। कान्ह नदी से आ रहे इंदौर के दूषित पानी को रोकना तो दूर अफसर शहरी गंदगी बहाकर नदी में डाल रहे नाले तक को नहीं रोक सके।

जिस पानी में लोग आस्था के साथ डुबकी लगाने पहुंचते हैं, उसमें इंदौर व उज्जैन शहर के गंदे नालों का पानी मिल रहा है। अफसर यह बात मानने को तैयार नहीं है, लेकिन हकीकत जानने के लिए टीम ने त्रिवेणी घाट इंदौर रोड से लेकर



मंगलनाथ मंदिर तक करीब 12 किमी नदी घाट का जायजा लिया। इसमें नदी के दोनों तरफ से गंदे नालों को पानी मिलता साफ दिखाई दे रहा है।

कुछ बड़े नाले को पूरी कॉलोनी का सीवर का गंदा पानी नदी में मिला रहे है। समय रहते सीवरेज लाइन सहित अन्य प्रबंध करते हुए नदी में मिल रहे इन गंदे नालों को रोकना होगा। नहीं तो आने वाले सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं को ऐसे ही गंदे पानी में डुबकी लगाना पड़ेगी। स्वच्छ पानी के नाम पर 10 साल से अफसरों ने 550 करोड़ खर्च कर दिए। इसमें कान्ह डायवर्शन के नाम 95 करोड़, यह प्लान पूरी तरफ से फेल हो गया। सिंहस्थ 2016 के लिए नर्मदा-शिप्रा संगम प्रोजेक्ट पर 432 करोड़, 438 करोड़ के सीवरेज प्लान में भी नदी के पास लाइन डालने पर खर्च किया । यानी शिप्रा के पानी को साफ करने जितने भी काम हुए, वे बजट चट प्लान साबित हुए। मंगलनाथ के पीछे अंगारेश्वर के पास, वाल्मीकि धाम, सोमकुंड, दानी गेट, वाकणकर ब्रिज, त्रिवेणी, हाटकेश्वर कॉलोनी, काला पत्थर, त्रिवेणी इंदौर रोड पुलिया के नीचे। सभी जगह नालों का गंदा पानी सीधे नदी में मिल रहा है। त्रिवेणी पर ही कान्ह का गंदा पानी भी शिप्रा में आ रहा है।

सिंहस्थ के नाम पर 2400 करोड़ से ज्यादा के काम अब तक किए तमाम प्रयासों के बाद अब सिंहस्थ-2028 से पहले 2400 करोड़ रुपए से ज्यादा के काम शुरू करा दिए गए। इसमें कान्ह क्लोज प्रोजेक्ट पर 919 करोड़ रुपए, 614 करोड़ की सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना और 29 किमी घाट निर्माण, बैराज, स्टॉपडेम पर मिलाकर करीब 864 करोड़ रुपए खर्च होंगे। ये सारे निर्माण शुरू करा दिए गए हैं।

**नदी किनारे भी सीवरेज लाइन जोड़ दी, नालों को जोड़ा है-** शहर में सीवरेज लाइन डालने का काम चल रहा है। करीब एक से डेढ़ साल में यह काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद शहर का गंदा पानी पूरा सीवरेज में शिफ्ट हो जाएगा। नदी के किनारे भी सीवरेज लाइन डाल दी गई है। ज्यादातर नालों को उससे जोड़ दिया है। यदि कहीं नाले मिलते दिखाई दे रहे हैं तो मुझे वाट्सएप पर भेजो। इंजीनियर्स से चैक कराता हूं।

**- अभिलाष मिश्रा, आयुक्त नगर निगम**

उज्जैन
शनिवार
07
फरवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पञ्च यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम्॥

**अर्थः** जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय, और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए।

## खबर एक नजर...

### 8-13 फरवरी तक अमेरिकी एक्सपर्टस करेंगे ऑपरेशन, कटे-फटे होंठ के मरीज ले सकेंगे लाभ

**इंदौर।** इंदौर जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से स्वर्णिम फाउंडेशन इंदौर द्वारा तथा ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस के सहयोग से निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप के तहत मरीजों की जांच और रजिस्ट्रेशन 8 फरवरी को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक धार रोड स्थित गुरुनानक टिम्बर मार्केट के पास वर्मा यूनियन हॉस्पिटल, इंदौर में किया जाएगा। कैंप में अमेरिका के सुप्रसिद्ध प्लास्टिक सर्जन डॉ. ब्रायन रुबिनस्टिन, कटे होंठ एवं तालू विशेषज्ञ डॉ. राहुल छाजलानी सहित अन्य अनुभवी चिकित्सकों द्वारा चयनित मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन 8 से 13 फरवरी तक किए जाएंगे। कैंप में कटे-फटे होंठ एवं तालू, नाक, कान, चेहरे और जबड़े की जन्मजात विकृतियों, क्लेफ्ट के कारण नाक की विकृति तथा तालू के ऑपरेशन के बाद स्पष्ट बोली न होने जैसी समस्याओं का उपचार किया जाएगा। कैंप में जले हुए घावों एवं सफेद दाग (विटिलिगो) से संबंधित उपचार नहीं किए जाएंगे। स्वर्णिम फाउंडेशन की संस्थापक रेखा जैन (वीरेन्द्र कुमार जैन) ने बताया कि यह कैंप पूर्णतः मानव सेवा के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

### इंदौर में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी नेशनल समिट आज से

**इंदौर।** तेज, सुरक्षित और कम दर्द वाले इलाज की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए सेंटर ऑफ वैस्कुलर एंड इंटरवेंशनल केयर द्वारा इंदौर में 7 और 8 फरवरी को सीवीआईसी इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी समिट2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की वैज्ञानिक कॉन्फ्रेंसआईआरसीएडी इंडिया, अरबिंदो कैंपस, इंदौर में आयोजित होगी। इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के इस प्रतिष्ठित आयोजन को इंडियन सोसायीटी ऑफ वैस्कुलर एंड इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी का समर्थन प्राप्त है। इस समिट में देशभर से इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट, न्यूरो-इंटरवेंशनिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट, वास्कुलर सर्जन, नेफ्रोलॉजिस्ट, ऑन्कोलॉजिस्ट, एंडोवैस्कुलर विशेषज्ञ, फेलो और युवा कंसल्टेंट्स भाग लेंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य डॉक्टरों को नवीनतम तकनीकों, अत्याधुनिक उपकरणों और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है, ताकि मरीजों को बड़े ऑपरेशन के बिना सुरक्षित, सटीक और बेहतर इलाज मिल सके।

### उत्तर-पूर्वी हवा कमजोर पड़ी दिन में गर्मी जैसा अहसास

**इंदौर।** करीब 14 रातों से न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज होने व उत्तर-पूर्वी हवा कमजोर पड़ने से शुक्रवार को ठंड गायब सी हो गई। दोपहर में तेज धूप चुभने लगी व गर्मी जैसा अहसास होने लगा। दिन का तापमान सामान्य से 3 डिग्री अधिक 28.8 डिग्री दर्ज किया गया। शाम को भी ठंड के तेवर कमजोर ही नजर आए। आगे भी ठंड धीरे-धीरे कम होती जाएगी। इसकी शुरूआत दिन के तापमान में बढ़ोतरी से होगी। सिर्फ सुबह व रात के समय ही ठंड महसूस होगी। फरवरी के अंतिम दिनों में गर्मी का अहसास तेज होने लगेगा। गुरुवार रात ठंड को प्रभावित करने वाले पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने से न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। यह 13.2 डिग्री से गिरकर 10.9 डिग्री दर्ज किया गया। इसके पहले 28 जनवरी की रात को पारा 10.8 डिग्री के लेवल पर आया था। पिछली सात रातों की बात की जाए तो न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक ही रिकॉर्ड हो रहा है। ठंड लाने वाली उत्तर-पूर्वी हवा अब कमजोर होती जा रही है।

### मौतों-मुआवजे को लेकर अजब-गजब भागीरथपुरा हादसा, 33 मौतें, जिसे माना, उसे मदद; जिसे न माना, उसे कुछ नहीं

# 13 परिवारों का सवाल- हमारा क्या कसूर

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में भागीरथपुरा में दूषित पानी से अब तक 33 मौतें हो चुकी हैं। खास बात यह कि शासन अब तक 21 मौतें स्वीकार चुका है, जबकि 22वीं मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग किसी भी मौत को नहीं मान रहा है। यहां तक कि कुछ मौतों के मामलों में तो बकायदा खंडन किया है कि मृतक व्यक्ति या महिला की मौत दूसरी बीमारी (कोमार्बिड) के कारण हुई है।

खास बात यह कि किसी परिवार में एक नहीं बल्कि दो मौतें भी हुई हैं। अब तक 21 जो मौतें मानी गई है, उनमें से 20 मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है। वह भी शासन की ओर से नहीं बल्कि रेडक्रॉस सोसायटी से यानि दानदाताओं की राशि से। ऐसे में अब बाकी 13 परिवारों का सरकार से सवाल है कि आखिर हमारा कसूर क्या है। हमारे परिवार का व्यक्ति तो उल्टी-दस्त के कारण एडमिट हो गया था फिर हालत बिगड़ने पर मौत हुई है।

गुरुवार रात बुजुर्ग अलगूराम यादव की अरबिंदो हॉस्पिटल में मौत हो गई थी । उन्हें उल्टी-दस्त के कारण 9 जनवरी को एडमिट किया गया था और करीब एक माह बाद मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग ने सफाई दी है कि वे पूर्व से ही लकवे के मरीज थे और दायी जांघ की हड्डी में भी फैक्चर हो गया था। साथ ही अन्य बीमारियां भी थी। जबकि बेटे संजय यादव का कहना है कि पिता 8 जनवरी तक अच्छे थे। दुखद यह कि एक माह पहले उनकी पत्नी उर्मिला की भी मौत उल्टी-दस्त के बाद हुई थी। इसेक लिए परिवार रेडक्रॉस सोसायटी से 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई थी।



- **19 मौतों में दी गई 2-2 लाख रुपए की सहायता-** हादसे में मृत अन्य लोगों को अलग-अलग दौर में 2-2 लाख की सहायता दी गई। इनमें हीरालाल, नंदलाल पाल, अव्यान साहू, अरविंद लिखार, श्रवण, सीमा, उमा, मंजूला, गोमती, जीवनलाल, गीताबाई, अशोक पंवार, संतोष बिगोलिया, शंकर भाया, सुमित्रा बाई, रामकली, हरकुंवर बाई और भगवानदास के परिवार को रेडक्रॉस सोसायटी से 2-2 लाख रु. की सहायता दी गई।
- **इन मौतों का तो सिरे से खंडन-** 21 मौतों के बाद तो प्रशासन ने किसी मौत को दूषित पानी से होना ही नहीं माना। चौंकाने वाली बात यह कि कुछ मौतों जैसे सुभद्रा बाई पंवार, हेमंत गायकवाड, एकनाथ सूर्यवंशी आदि की मौत को दूषित पानी से सीधे इनकार किया। दूसरी ओर जीबीएस जैसी गंभीर बीमारी से एक माह से अधिक समय से एडमिट रही पार्वती बाई की बीमारी से साफ इनकार किया गया। वह तो अभी भी एडमिट ही है।
- **कांग्रेस ने 18 मौतों में दी डेढ़-डेढ़ लाख की मदद-** उधर, इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भागीरथपुरा आए थे तो उन्होंने कांग्रेस की ओर से 18 पीड़ित परिवार को एक-एक लाख रु. और नेता प्रतिपक्ष ने 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी थी। फिर तीन दिन पहले कांग्रेस ने इन पीड़ित परिवारों के साथ धरना-प्रदर्शन किया था। इसमें कई परिवारों ने बताया था कि उन्हें अब तक प्रशासन-सहायता राशि नहीं मिली। मामले में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इनके सहित सभी पीड़ित परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए की राशि और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाने की मांग सरकार से की।

### पोर्टल में गड़बड़ी: सैकड़ों लोग हर माह करेक्शन के लिए निगम के चक्कर लगा रहे

# फिर भी निगम की आय में 115 करोड़ बढ़ोतरी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

टैक्स पोर्टल की गड़बड़ी का खामियाजा शहर के करदाताओं को भुगतना पड़ रहा है। अग्रिम टैक्स जमा करने के बाद भी पोर्टल पर राशि बकाया दर्शाई जा रही है। कई मामलों में तो करदाताओं के जोन तक बदले नजर आ रहे हैं। इन समस्याओं की शिकायत लेकर हर माह सैकड़ों करदाता निगम कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। वहीं एक अच्छी बात यह है कि इन सबके बावजूद निगम की आय में 115 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है।

दरअसल, कुछ दिन पहले एक करदाता ने समय रहते एडवांस टैक्स जमा कर दिया, लेकिन तकनीकी गड़बड़ी के कारण नगर निगम के पोर्टल पर 421 रुपए का बकाया दिखने लगा। करदाता राजस्व विभाग पहुंचा और




सुधार की गुहार लगाई। जब वहां से भी तत्काल हल नहीं निकला तो उसने सोचा कि बकाया राशि ही जमा करवा दी जाए। करेक्शन की प्रक्रिया पूरी की, लेकिन शाम होते-होते पोर्टल पर बकाया राशि चार हजार रुपए दिखने लगी।

यह कोई एक मामला नहीं है। हर महीने ऐसे सैकड़ों मामले सामने आ रहे हैं। कई बार करदाताओं को ज्यादा टैक्स जमा करने के तो कभी माइनस टैक्स के मैसेज पहुंच रहे हैं। लोक अदालत में भी कई बार ऐसे ही विवाद सामने आ चुके हैं। जनवरी में हुई लोक अदालत में नगर निगम ने रिकॉर्ड तोड़ 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का राजस्व जमा करवाया था। इसमें सबसे बड़ा करदाता इंदौर विकास प्राधिकरण रहा। अब मार्च में एक बार फिर लोक अदालत लगाई जाएगी। कुछ मदों को छोड़ जल कर और स्वच्छ भारत मिशन की आय घटी : जहां एक ओर कुछ मदों में आय बढ़ी है, वहीं जल कर की वसूली में गिरावट आई है। जल कर की वसूली 88,65,63,882 रुपए से घटकर 32,07,18,473 रुपए रह गई है। इसी तरह स्वच्छ भारत मिशन के तहत भी करीब 9 करोड़ रुपए की कमी दर्ज की गई है।

**रफ्तार धीमी पड़ी-** दिसंबर तक नगर निगम की टैक्स वसूली की स्थिति बेहतर बनी हुई थी, लेकिन फरवरी में रफ्तार कुछ धीमी पड़ी है। हालांकि, पिछले वर्ष की तुलना करें तो कुल आय में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अप्रैल 2025 से 4 फरवरी 2026 तक की कर वसूली रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में निगम की कुल वसूली 8,03,46,21,451 रुपए रही है।

# इंदौर में अप्रैल से शुरू होगी आदर्श रोड मल्टीलेवल पार्किंग

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के व्यस्त पलासिया क्षेत्र में पार्किंग संकट से जल्द राहत मिलने वाली है। आदर्श रोड पर बन रही मल्टीलेवल पार्किंग को अप्रैल तक शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था जरूरी है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा, सुभाष नगर मल्टीलेवल पार्किंग शुरू हो चुकी है। आदर्श रोड पर बीओटी आधार पर तैयार हो रही मल्टीलेवल पार्किंग को अप्रैल तक शुरू करने का लक्ष्य है। इससे आदर्श रोड और ग्रेटर कैलाश क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव कम होगा।

निर्माणाधीन पार्किंग में करीब 150 कारों और लगभग 150 दोपहिया वाहनों के लिए जगह रहेगी। पार्किंग शुल्क नगर निगम की निर्धारित दरों के अनुसार लिया जाएगा। महापौर ने माना कि निर्माण की गति कुछ धीमी है, लेकिन हाल ही में सभी पार्किंग परियोजनाओं में काम तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। महापौर ने कहा कि लोगों को निर्धारित पार्किंग का उपयोग करने के लिए जागरूक किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि सड़क पर वाहन खड़े करने वालों के चालान भी बनाए जाएंगे, क्योंकि शहर की यातायात व्यवस्था सुधारना निगम की प्राथमिकता है।

# अतिक्रमण हटाकर पार्किंग दें तो 30 फीसदी बढ़ जाए कारोबार

## जीएसटी, प्रॉपर्टी टैक्स, पार्किंग शुल्क, मंडी शुल्क देने के बाद भी कारोबारी भुगत रहे परेशानी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

देश के सबसे स्वच्छ, स्मार्ट शहर के प्रमुख बाजारों का कारोबार सिमट रहा है। बाजार जाम, पार्किंग की समस्या और अतिक्रमण की चपेट में है। जाम, अतिक्रमण और पार्किंग की समस्या सुधारने पर ट्रैफिक पुलिस, नगर निगम व प्रशासन ध्यान दे तो प्रमुख बाजारों का कारोबार 25 से 30 फीसदी रोजाना बढ़ सकता है। नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड की बैठक में बुनियादी समस्या और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित नहीं करने पर कारोबारियों ने अफसरों पर नाराजगी जताई है।

कारोबारियों का कहना है, ट्रैफिक



पुलिस की सख्ती और नगर निगम की उदासीनता के कारण बाजार सिमटते जा रहे हैं। मध्य क्षेत्र में फैले सभी बाजारों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। वर्तमान में 600 करोड़ रुपए रोजाना का कारोबार इन बाजारों में होता है। यदि अफसर सहयोग करें, व्यवस्था बनाएं तो 25 से 30 प्रतिशत कारोबार बढ़ सकता है।

जवाहर मार्ग, एमजी रोड व सुभाष मार्ग सकुर्लेशन सड़कें हैं, लेकिन इन पर आधी जगह पार्किंग व अतिक्रमण में चली जाती है। सियागंज के व्यापारियों ने बताया, बेसमेंट पार्किंग में दुकानें चल रही हैं। इन पर कार्रवाई नहीं होती है।

कोठारी मार्केट व जेल रोड के कारोबारी पार्किंग की समस्या से परेशान हैं। यहां फुटपाथ पर दुकानों का सामान व अतिक्रमण है। ग्राहक पार्किंग के अभाव में सड़क पर ही वाहन पार्क कर-के सामान खरीदने लगता है। एमजी रोड पर जेल रोड क्रॉसिंग पर ऑटो, कार खड़े होने से जाम की स्थिति बनती है। ट्रैफिक पुलिस इनको हटाती नहीं है।

राजबाड़ा के आसपास प्रमुख बाजार मरोठिया, खजूरी बाजार, गारमेंट सेक्शन, इमली बाजार की ओर भीड़ बढ़ने लगी है।

व्यवस्था सुधारने के संबंध में कारोबारियों का कहना है, शहर में इन बाजारों को फ्री करने के लिए मास्टर प्लान में तय इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाएं। ट्रांसपोर्ट हब बनाएं, जिससे भारी वाहन यहां तक नहीं आएं। बड़ी मंडियां बनाएं।

फुटपाथ को अतिक्रमण से मुक्त कराएं और इन पर निगरानी करें। संयुक्त टीम कार्रवाई करती है। टीम के जाते ही फिर दुकानें लग जाती हैं।

हाल ही में वेयर हाउस तोड़ा गया, यहां बाहर से आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग बना सकते थे।

## खबर एक नजर...

### भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत का दो दिवसीय मध्य प्रदेश दौरा

**उज्जैन।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत 6 और 7 फरवरी को मध्य प्रदेश के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। किसान नेता के इस दौरे को लेकर स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकताओं में उत्साह है। राकेश टिकैत आज 7 फरवरी को सुबह उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन और पूजन करेंगे। आपने 6 फरवरी को रात्रि विश्राम चौधरी राजेश जाट गुणावद के निवास पर किया।

भले ही इसे राकेश टिकैत का निजी दौरा बताया जा रहा है, लेकिन संगठन की दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गुणावद में प्रवास के दौरान उन्होंने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान मध्य प्रदेश में किसान यूनियन के विस्तार और आगामी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की।

### महाकाल मंदिर में अव्यवस्था और वीआईपी कल्चर के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी यूथ कांग्रेस

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में लगातार हो रही अव्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं के साथ हो रही अप्रिय घटनाओं को लेकर अब युवा कांग्रेस ने आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। जिला युवा कांग्रेस ने प्रशासन के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन और भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अर्पित यादव ने आरोप लगाया है कि ज्योतिर्लिंग में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन प्रशासन आम श्रद्धालुओं की सुध लेने के बजाय केवल वीआईपी सेवा' में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रशासन की लापरवाही के कारण आम जनता की भावनाएं आहत हो रही हैं। यादव ने हाल ही में एक महिला श्रद्धालु के साथ हुई मारपीट की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि मंदिर में आए दिन ऐसी घटनाएं और अव्यवस्थाएं देखने को मिल रही हैं। अर्पित यादव ने बताया कि उन्होंने करीब एक महीने पहले भी मंदिर प्रशासक को ज्ञापन सौंपकर सुचारू और सरल दर्शन व्यवस्था की मांग की थी, ताकि आम श्रद्धालु शांति से दर्शन कर सकें।

---

**32 लाख का महाराज भोग, 18 लाख का राजघराना उट्टन, 7 लाख का चांदी का थाल, चांदी का पात्र, सुवर्ण वर्क अर्पित करेंगे**

# शिव नवरात्रि में नौ दिनों तक बाबा महाकाल को अर्पित करेंगे 57 लाख का महाराज भोग





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाशिवरात्रि महापर्व पर विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में श्री महाकालेश्वर भगवान को पुणे के डॉ सागर, डॉ साधना, पुत्र साराध्य, पुत्री साध्या, पुत्र चिरंजीव सात्विक कोलते परिवार द्वारा शिव नवरात्रि दरमियां नौ दिनों तक महाराज भोग का चढ़ावा और राजघराना उट्टन चांदी के थाल पात्र में भूषित करके अर्पित किया गया।

लगभग 32 लाख राशि का महाराज भोग, 18 लाख राशि का राजघराना उट्टन, 7 लाख राशि का चांदी का थाल, चांदी का पात्र, सुवर्ण वर्क यह सब करीब 57 लाख भोग की महाकाल को शिव नवरात्रि के 9 दिन तथा महाशिवरात्रि के प्रमुख दिन महाराज भोग तथा राजघराना उट्टन रजत पात्र थाल में अर्पित किया जाएगा। यह महाराज भोग कंपनी के प्रतिनिधि मुरली मनोहर जोशी तथा पंडित महेश पुजारी, पंडित गोपाल गुरु द्वारा श्री महाकालेश्वर जी के गर्भ ग्रह में अर्पित किया जाएगा।

कंपनी के प्रतिनिधि मुरली मनोहर जोशी ने बताया कि फाल्गुन कृष्ण पंचमी के प्रारंभ हुए महाशिवरात्रि महापर्व पर प्रथम दिन महाराज भोग में बाबा महाकाल जी को 125 किलोग्राम खजूर का भोग प्रथम लगाया गया। भोग पश्चात प्रसादी वितरित प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदू यादव, कार्यकारी अध्यक्ष विशाल हाडा, कमलेश जाटवा द्वारा की गई। दूसरे दिन आज 125 किलोग्राम जदार्लू भोग लगाया जाएगा। तीसरे दिन 125 किलोग्राम अखरोट का भोग लगाया जाएगा। चौथे दिन पुरंदरी अंजीर का 125 किलोग्राम का भोग लगाया जाएगा। पांचवें दिन 125 किलोग्राम किशमिश का भोग लगाया जाएगा। छठे दिन 125 किलोग्राम सांगली के कल बेदाना का भोग लगाया जाएगा। सातवें दिन 125 किलोग्राम पिस्ता का भोग लगाया जाएगा। आठवें दिन 126 किलोग्राम मामरा बादाम का भोग लगाया जाएगा। 90 दिन 125 किलोग्राम व 180 काजू का भोग लगाया जाएगा। चांदी के थाल में उच्चतम प्रति की हल्दी भी बाबा को दूल्हा स्वरूप लगाने हेतु अर्पित की जाएगी। हर दिन चांदी के तल में स्वर्ण वर्क जड़ित काजू आदि का 9 दिनों तक भोग लगाया जाएगा। वही शाम को सवा क्विंटल यानी 125 किलोग्राम महाराज भोग महाप्रसादी अर्पित की जाएगी। महाशिवरात्रि के 10 दिन के त्यौहार में 18 लाख राशि का राजघराना उट्टन, शुद्ध हीरक शुद्ध स्वर्ण भस्म, रजत भस्म, पुष्कराज भील आदी नवरत्न का भस्म चंदन तथा दुर्लभ दिव्य वनस्पति के सहयोग मिश्रित राजघराना उट्टन, रजत पात्र में चढ़ाया जाएगा। सुवर्ण वर्क जड़ित काजू, मामरा बादाम, खजूर, अखरोट, जदार्लू, बेदाना, किशमिश, पिस्ता का भोग भी चांदी के थाल में अर्पित किया जाएगा।

श्री महाकालेश्वर जी कृपा से सत्व सफायर और बुलियन प्राइवेट लिमिटेड नाम की अमूल्य धातु संवर्धन तथा संचय करने की कंपनी का अलौकिक स्वरूप फल डॉ सागर कोलते को प्राप्त हुआ। इसी कंपनी तथा अन्य शनसागर क्लिनिक, सारस आयुर्वेद, साराध्य हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, साध्यासर हेल्थ केयर, ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड सैटर्न 7 कॉस्मोहिल प्राइवेट लिमिटेड, सोल्सीक 22 के कॉस्मोहिल, ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड यह सभी सात कंपनी के एकत्रित स्थान का पूर्वोत्तर तथा निर्माण पूर्णता स्वरूप का फल भी प्राप्त होने वाला है। बाबा श्री महाकालेश्वर की निरंतर आर्थिक आध्यात्मिक निरोगी उच्चतम सेवा फल कृपा बनी रही है।

---

## आरटीआई से लेकर आईजी कार्यालय तक सन्नाटा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सूचना का अधिकार कानून, जिसे आम नागरिक की सबसे बड़ी ताकत माना जाता है, उज्जैन में कागजों तक सीमित होता दिख रहा है। नगर निगम के जन्मझमृत्यु विभाग, जोन क्रमांकझ2 और समग्र आईडी से जुड़ी जानकारी को लेकर तीन माह बीत जाने के बाद भी आवेदक को कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि निगम कार्यालयों में अनुभवी कर्मचारियों की जगह आउटसोर्स कर्मियों को बैठाकर संवेदनशील फाइलें संभलवाई जा रही हैं – जिससे रिकॉर्ड की पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों पर प्रश्नचिन्ह लग गया है।

वहीं दूसरी ओर, महिला थाना प्रभारी रानी बेग पर लगे गंभीर आरोपों के बावजूद न तो विभागीय जांच शुरू हुई और न ही किसी प्रकार की प्राथमिक कार्रवाई सामने आई। शिकायतकताओं का कहना है कि कथित फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नागरिकता, विद्युत कनेक्शन और वैवाहिक प्रमाणपत्र जैसे अहम रिकॉर्ड तैयार कराए गए।

आगर रोड विद्युत मंडल आज तक पुलिस से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त नहीं कर पाया है, जबकि चिमनगंज मंडी थाने में दर्ज शिकायतों पर त्रक्रातक दर्ज नहीं की गई। राज्यसभा सांसद के पत्र के बाद भी उज्जैन कार्यालय मौन है।

---

## पूर्णिमाश्री सेवा संगठन के निःशुल्क हृदय जाँच शिविर अभियान में 1500 लोगों ने कराई जाँच

### आज शिविर; दमदमा, पवासा, जूना सोमवारिया और ताजपुर में होगा आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उपलब्धियों भरे ऐतिहासिक दो वर्षों के उपलक्ष्य में, जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से पूर्णिमा श्री सेवा संगठन द्वारा निशुल्क हृदय जाँच शिविर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विगत 6 दिनों में विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिविरों में उज्जैन शहर की जनता ने बढ़-चढ़ कर उत्साह पूर्वक भाग लिया, शिविरों में ख्यात हृदय रोग विशेषज्ञों द्वारा लोगों को परामर्श, जाँच एवं उपचार का लाभ दिया गया। इसी श्रृंखला में आज शनिवार को उज्जैन जिले में चार स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं पूर्व भाजपा जिला महामंत्री सत्यनारायण खोइवाल ने विस्तार से बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से यह अभियान प्रारंभ किया गया है, जिसमें आयुष्मान अंतर्गत पंजीकृत अशासकीय अस्पतालों के सहयोग से उज्जैन जिले में 100 से अधिक स्थानों पर शिविर का आयोजन किया जाएगा।

---

## वापसी' सिर्फ नाटक नहीं, दुनिया के खिलाफ इंसानी दया की पुकार

### साजन कोहिनूर के अभिनय ने दर्शकों को किया भावुक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मशहूर विद्वान डॉ. अमरजीत ग्रेवाल द्वारा लिखित और पद्मश्री सुरजीत पातर के दिल को छू लेने वाले गीतों से सजे नाटक 'वापसी' का शानदार मंचन अभिनव रंग मंडल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नाट्य समारोह में किया गया। प्रख्यात निर्देशक केवल धालीवाल के निर्देशन और डिजाइन में तैयार यह नाटक युद्ध की विभीषिका के बीच मानवीय संवेदनाओं और दया की एक सशक्त कहानी बयां करता है।

भारत सरकार संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित अभिनव रंगमंडल के 40वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह में पांचवें दिन ₹वापसी₹ नाटक का शुभारंभ रमेश साबु, केवल धालीवाल, सतीश गोड, आर यू खान और शरद शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। संचालन डॉ पांखुरी वक्त ने किया। सम्मान पत्र का वाचन श्री गिरिजेश व्यास ने किया।

'वापसी' सिर्फ एक नाटक नहीं, बल्कि दुनिया के खिलाफ इंसानी दया की पुकार है। कहानी एक आर्मी जवान के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने घायल ऑफिसर को दुश्मन के घेरे से बचाकर जंगल के रास्ते घर लौट रहा है। नाटक का सबसे मार्मिक हिस्सा वह संवाद है, जहां जवान बताता है कि कैसे सरहदों की लड़ाई दो देशों में इंसानियत का गला घोंट देती है। नाटक का क्लाइमेक्स दर्शकों को झकझोर गया। जवान चाहता है कि वह लोकगीत गाए ताकि दुश्मन सैनिक हथियार छोड़ दें और एक-दूसरे को गले लगा लें। लेकिन विडंबना देखिए, जैसे ही वह अमन का गीत गाने के लिए होंठ खोलता है, करीब आ चुकी दुश्मन की सेना की गोली उसे हमेशा के लिए खामोश कर देती है।

मंच पर कलाकारों ने अपनी जीवंत प्रस्तुति से समां बांध दिया। साजन कोहिनूर ने सिपाही के किरदार को इतनी शिद्दत और दमदार तरीके से निभाया कि दर्शक भावुक हो गए। घायल ऑफिसर के रोल में आकाशदीप ने उनका बेहतरीन साथ दिया और अपने किरदार के साथ पूरा न्याय किया। सिंगर कुशाग्र कालिया ने अपनी मधुर और दर्दभरी आवाज से गीतों में जान डाल दी, जिससे नाटक का प्रभाव और गहरा हो गया। हरिंदर सोहल द्वारा दिया गया बैकग्राउंड म्यूजिक और युवनीश शर्मा का म्यूजिक ऑपरेशन दृश्यों के तनाव और भावनाओं को उभारने में सफल रहा। लाइट डिजाइन की जिम्मेदारी भी युवनीश शर्मा ने बखूबी निभाई। डॉ. अमरजीत ग्रेवाल की कलम और डॉ. सुरजीत पातर के शब्दों ने मिलकर 'वापसी' को एक यादगार प्रस्तुति बना दिया, जो यह सवाल छोड़ जाती है कि युद्ध जरूरी है या इंसानियत? वरिष्ठ रंगकर्मी शरद शर्मा ने बताया कि आज 7 फरवरी को रूपांतर नाट्य मंच गोरखपुर द्वारा दारिया फो द्वारा रचित और अपर्णेश मिश्र द्वारा अनूदित और निर्देशित नाटक₹चोर! कौन चोर ?? की प्रस्तुति की जाएगी , यह एक कॉमेडी नाटक है। 8 फरवरी को समापन संध्या पर मेजबान संस्था अभिनव रंगमंडल द्वारा प्रसिद्ध हिंदी लेखक स्वर्गीय निर्मल वर्मा की रचना ₹ धूप का टुकड़ा और डेढ़ इंच ऊपर नाटक प्रस्तुत होगा, यह संस्था की नयी प्रस्तुतियां होगी, जिसका निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी शरद शर्मा ने किया है ।

## खबर एक नजर...

### यार्ड में किया गया महत्व पूर्ण ट्रैक सुधार कार्य

रतलाम। पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल रेल परिचालन की गति एवं संरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए दृढ़संकल्पित है। इसी उद्देश्य के पूरा करने के लिए 4 फरवरी 2026 को रेटिया यार्ड डाउन लाइन में क्रॉसओवर प्वाइंट संख्या 101-102 पर आवश्यक ट्रैक सुधार कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह कार्य रेटिया यार्ड के किमी 535/26-28 पर 13.10 बजे से 16.10 बजे तक निर्धारित ब्लॉक में किया गया, जिसे आवश्यकतानुसार 17.20 बजे तक बढ़ाया गया अर्थात लगभग 4.10 घंटे के ब्लॉक में किया गया। कार्य के अंतर्गत प्वाइंट संख्या 101 (डाउन मेन लाइन) को गोधरा एंड की ओर 2.50 मीटर स्थानांतरित कर लंबाई सुधार किया गया तथा नए स्लीपर एवं रेल डालकर क्रॉसओवर के खराब लेआउट को ठीक किया गया। इस सुधार से ट्रेनों के संचालन में सुरक्षा में वृद्धि होगी तथा उच्च गति से सुचारु परिचालन संभव हो सकेगा। कार्य के दौरान विभागीय अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं पर्याप्त संख्या में श्रमिकों की उपस्थिति में आधुनिक मशीनरी का उपयोग किया गया। रेल प्रशासन यात्रियों की सुरक्षित, तेज एवं विश्वसनीय सेवा के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

### सभी नामांतरण आवेदनों का निराकरण करने हेतु कलेक्टर के निर्देश

नीमच। जिला कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में नगरीय निकायों द्वारा संचालित योजनाओं, निर्माण कार्यों एवं करो की वसूली आदि की समीक्षा की गई। जिसमें नगरीय निकायों निकायों के सभी मु'य नगरपालिका अधिकारी एवं उपयंत्री उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने अगले एक माह अभियान चलाकर दिसम्बर 2025 तक के प्राप्त सभी नामांतरण के आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निराश्रित पशुओं एवं एग्रेसिव रोग की रोकथाम के लिए संस्था का चयन करने हेतु नगरपालिका नीमच को विशेष सम्मेलन बुलाने तथा अन्य नगरीय निकायों को नगरपालिका नीमच से एमओयू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बडे प्रोजेक्ट जैसे अमृत 2.0 के निर्माण कार्यों को समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने वैध अवैध कालोनियो के संबंध में सभी नगरीय निकायों को सर्वे करने के निर्देश दिए तथा अवैध कालोनाइजरों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु डिप्टी कलेक्टर एवं शहरी विकास परियोजना अधिकारी श्री पराग जैन को निर्देशित किया।

### महाशिवरात्रि पर विशाल भंडारे का आयोजन

रतलाम। महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी रतलाम में केदारेश्वर छड़ी पदयात्रा एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। छड़ी पदयात्रा के संस्थापक राजेंद्र पुरोहित ने यात्रा की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बाबा अमरनाथ की प्रेरणा से यह पदयात्रा आयोजित की जा रही है।

### सड़क किनारे विद्युत डीपी के खुले बॉक्स दुर्घटना को न्योता दे रहे

# मुख्य सड़कों पर खुले पड़े विद्युत डीपी के बॉक्स दे रहे घटनाओं को आमंत्रण

### मेंटेनेंस के नाम पर हर माह भारी भरकम राशि की जा रही खर्च

### विभाग के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन



शहर में कई जगह लगी हुई विद्युत डीपी के खुले बॉक्स दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। ये बॉक्स ऐसे स्थानों पर लगे हुए हैं, जहां दिनभर लोगों की चहल कदमी बनी रहती है। ऐसे में जरा सी लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता है। जब भी लाइनमैन आते हैं तो बॉक्स का ढक्कन खुला छोड़कर ही चले जाते हैं। दुर्घटना के डर से कोई दूसरा भी इन बॉक्स को बंद करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। विद्युत मंडल शहर की बिजली संबंधी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। नाहीं इन खुले पड़े बॉक्स को बंद किया जा रहा है। जबकि विभाग द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर हर महीने भारी भरकम राशि खर्च की जा रही है।

शहर के अंदर से गुजरे हाइवे के मार्ग सहित अन्य प्रमुख सड़कों के किनारे दर्जनों की संख्या में विद्युत डीपी के खुले बॉक्स दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। यहां पर मेंटेनेंस करने के बाद कर्मचारी इन्हें बंद नहीं कर रहे हैं तो कई स्थानों से बॉक्स के ढक्कन ही गायब हो चुके हैं। लेकिन ऐसे स्थानों की विद्युत डीपी को कवर्ड नहीं किया गया है ऐसे में यहां पर हमेशा कोई भी हादसा होने का डर बना रहता है और आए दिन किसी न किसी डीपी के पास व डीपी में आग लगने की घटनाएं भी आम बात हो गई है। इसके साथ ही कई बार गोवंश इन खुले बॉक्स की चपेट में आने से झुलस जाते हैं। खुले पड़े बॉक्स के आसपास करंट के तार झूलने से यहां पर कोई आम लोग ढक्कन को बंद करने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाते हैं।

हालात यह हैं कि फ्रीगंज, शहीद पार्क, घासमंडी, दशहरा मैदान, नानाखेड़ा, गधा पुलिया, हरिफाटक क्षेत्र में रोटरी के पास, दमदमा क्षेत्र में जनपद व जिला पंचायत कार्यालय के मार्ग सहित पुराने उज्जैन में दर्जनों ऐसी विद्युत डीपी हैं। जिनके बॉक्स खुले हैं या फिर उनमें ढक्कन ही नहीं है। इसके साथ ही गली मोहल्लों में भी यही हाल है।

### अंतरराज्यीय तस्कर सद्दाम गिरफ्तार, एमपी और राजस्थान में दर्ज हैं 13 मामले

ब्रह्मास्त्र » मन्दसौर

अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में एसपी विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में पुलिस ने कुख्यात अंतरराज्यीय तस्कर सद्दाम (32) दंडात्मक कार्यवाही करते हुए उसे गिरफ्तार किया है। एसडीओपी मल्हारगढ़ नरेंद्र सोलंकी और थाना प्रभारी नारायणगढ़ के मार्गदर्शन में आरोपी सद्दाम के विरुद्ध स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 के तहत प्रकरण तैयार किया गया था। जिला दंडाधिकारी के माध्यम से आयुक्त उज्जैन द्वारा निरोधात्मक आदेश पारित होने के बाद आरोपी को 5 फरवरी को गिरफ्तार किया गया और आज उसे केंद्रीय जेल इंदौर दाखिल कर दिया गया है। बताया गया है कि एमपी से राजस्थान तक फैला नेटवर्क पुलिस की जांच और आईसीजेएस पोर्टल के माध्यम से अपडेट किए गए रिकॉर्ड के अनुसार, सद्दाम एक आदतन अपराधी है। उस पर कुल 13 गंभीर अपराध दर्ज हैं, जिनमें से 5 मामले शुद्ध रूप से मादक पदार्थ तस्करी के हैं 8 अपराध हथियारों की अवैध तस्करी से संबंधित हैं।

### दो शख्सियत को सीमांत गांधी अवार्ड से सम्मानित किया गया

उज्जैन। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा भारत रत्न, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सीमांत गांधी खान अब्दुल गफ्फार खान बादशाह खान की 136वी जयंती पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ। साथ ही शहर की दो शख्सियत को सीमांत गांधी अवार्ड से सम्मानित किया गया।

सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि भारत रत्न खान अब्दुल गफ्फार खान सीमांत गांधी की 136वीं जयंती के अवसर पर सेंट मदार कान्वेंट स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अतिथि के तौर पर नई पहल के अध्यक्ष शकेब कुरैशी, शिक्षाविद रीना तिवारी, ऐच्छिक सेवानिवृत्त एस. आई मोहम्मद जहीर, मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन, प्राचार्य दरकक्षा खान ने प्रतियोगिता में सही उत्तर देने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किये। अतिथि शकेब कुरैशी ने अपने उद्बोधन में कहा बादशाह खान का पूरा जीवन देश की आजादी के लिए समर्पित रहा।

## श्री श्रेयांसनाथ राजेंद्र सुरी जैन ज्ञान मंदिर में हुआ ध्वजारोहण

### ध्वजा का निकला चल समारोह, हुई सत्तर भेदी पूजा





ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

श्री श्रेयांसनाथ राजेंद्र सुरी जैन ज्ञान मंदिर नयापुरा उज्जैन के 8वी वर्षगांठ के अवसर पर कायमी ध्वजा का आयोजन संपन्न हुआ।

उपरोक्त जानकारी देते हुए श्री संघ के राजेंद्र पगारिया एवं राजेन्द्र पटवा के बताया की फाल्गुन वदी पंचमी के अवसर पर मंदिर जी में वार्षिक ध्वजारोहण का कार्यक्रम साध्वी श्री सुपार्श्व निधि श्रीजी म सा आदि ठाणा 4 की पावन निश्रा में आयोजित हुआ। इस अवसर पर सर्व प्रथम ध्वजा का चल समारोह नवीन अंशुल अनुष आयुष प्रखर हार्दिक गिरिया परिवार के घर से प्रारंभ हुआ। जो विभिन्न मार्गो से होता हुआ मंदिर पहुंचा। स्नात्र पूजन पश्चात मूलनायक परमात्मा के कायामी ध्वजा के लाभार्थी नवीन अंशुल आयुष प्रखर गिरिया परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। पश्चात अन्य ध्वजा माणक लाल चत्तर नवीन गिरिया संजय रितेश निलेश संघवी राजेश हर्षित चत्तर परिवार द्वारा लहराई गई। ध्वजारोहण पश्चात सत्तर भेदी पूजा विधिकारक संजय छाजेड़ ग्रुप सुवासरा द्वारा पढ़ाई गई। इस अवसर पर सम्पूर्ण मंदिर जी में आकर्षक रोशनी एवं दीप सज्जा की गई। महिला एवं बहु परिषद द्वारा आकर्षक रंगोली बनाई गई। शाम को 108 दीपक से महाआरती संपन्न हुई। इस धर्ममय कार्यक्रम में उज्जैन उत्तर विधायक अनिल कालूहेड़ा, ओम जैन, मुकेश रांका, पार्षद रजत मेहता, श्री संघ अध्यक्ष सुरेश पगारिया, मदन रूनवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों और लाभार्थी परिवार का बहुमान श्री संघ अध्यक्ष सुरेश पगारिया, प्रकाश गादिया, कपिल सकलेचा, अतुल चत्तर, राजमल चत्तर, राजेश पगारिया, मांगीलाल डांगी, पारस गादिया, मनीष पीपाड़ा, विजय गादीया, नीलेश संघवी, आशीष पीपाड़ा, अशोक चत्तर, सोहन आंचलिया, मनोज जैन, आनंद चत्तर, सौरभ चोरडिया, ऋषि चपलोद, अजीत लुंकड, श्रेणिक बाफना, रचित नाहटा, यश सकलेचा, राहुल सकलेचा, सौरभ संघवी आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## विश्व कैंसर दिवस पर सर्वाइकल कैंसर जागरूकता सेमिनार आयोजित

### 250 बालिकाओं को जागरूकता ब्रोशर एवं निःशुल्क दवाइयों के सैंपल भी वितरित किए

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन



विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर यूनाइटेड बाय यूनिक थीम के अंतर्गत शासकीय नूतन गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, इंदिरा नगर में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लायंस क्लब उज्जैन गोल्ड एवं ब्लू क्रॉस लैबोरेट्री के सहयोग से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का नेतृत्व सर्वाइकल कैंसर के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर लायन डॉ. प्रिंस कुशवाह द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्षा बागुल ने ह्रसर्वाइकल कैंसर एवं डिस्मेनोरिया अवेयरनेस वर्कशॉपह्र के अंतर्गत ऑडियो-वीडियो माध्यम से उपस्थित छात्राओं को रोग के लक्षण, कारण, रोकथाम एवं समय पर जांच के महत्व की विस्तृत जानकारी दी।

डॉ. बागुल ने खुले मंच से छात्राओं की व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान किया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सेमिनार में उपस्थित लगभग 250 बालिकाओं को जागरूकता ब्रोशर एवं निःशुल्क दवाइयों के सैंपल भी वितरित किए गए।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक तिवारी, शिक्षिकाएं श्रीमती रेखा पांडे एवं श्रीमती अलका परिहार, ब्लू क्रॉस लैबोरेट्री के रीजनल मैनेजर जितेंद्र तिवारी, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव घनश्याम शर्मा, वीरेंद्र कुमार एवं एंजेल परमार की गरिमामय उपस्थिति रही।

अंत में आयोजकों द्वारा सभी सहयोगी संस्थाओं, चिकित्सकों एवं विद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

### संकल्प से समाधान के तहत निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन

नीमच। जिले में संचालित संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत जिले में निःशुल्क मोतियाबिंद शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में शिविर का शुभारंभ जिला स्तर पर किया जाएगा उक्त जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर डी प्रसाद ने बताया कि 7 फरवरी शनिवार को जिला चिकित्सालय परिसर स्थित रेड क्रॉस भवन में शिविर का आयोजन किया जा रहा है शिविर में आंखों की जांच की जाएगी व संभावित मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित किया जाएगा। डॉ प्रसाद ने आम जन से अपील की हे कि ऐसे व्यक्ति जिनकी दृष्टि कमजोर हे या आंखों से संबंधित अन्य समस्या हे वे अपना निःशुल्क परीक्षण अनिवार्य रूप से करवाए।

## खबर एक नजर...

### मैराथन दौड़ पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को दी प्रोत्साहन राशि

**सारंगपुर।** मास्टरमाइंड स्कूल सारंगपुर में गुरुवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय संचालक सीपी पाटीदार ने विद्यार्थियों की खेलकूद, नृत्य एवं सांस्कृतिक गतिविधियों और उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि समारोह का उद्देश्य छात्रों को प्रोत्साहित करना और उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है, ताकि यह बच्चें पढ़ाई के साथ-साथ अन्य शारीरिक एवं मानसिक रुप से और भी सशक्त बनने के की दिशा में लगातार आगे बढ सके। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में लेट्स रन मैराथन के अंतर्गत विद्यालय की ओर से 10 किलोमीटर दौड पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को 2000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान करते हुए इस योजना के तहत आज 13 विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संचालक पाटीदार ने बताया कि विद्यालय प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई कि अब तक कुल लगभग 50 से ज्यादा छात्र-छात्राएं इस मैराथन पुरस्कार से लाभान्वित हो चुके है। इसके साथ ही कार्यक्रम दौरान खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिभावान खिलाडियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विद्यालय ने इन छात्र छात्राओं की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में पूरे शैक्षणिक वर्ष के दौरान आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक, खेल गतिविधियों एवं नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर सीपी पाटीदार, प्राचार्य रंजना सक्सेना, एचओडी हीरोजित हाबिजम, विष्णु पाटीदार, संगीता पाटीदार, खेल प्रशिक्षक रजत शर्मा, जितेंद्र कुंभकार, अमित जोशी, नृत्य प्रशिक्षक मयंक जैन, प्रकाश पाटीदार एवं वरिष्ठ शिक्षिका श्वेता जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की तथा निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया।

### सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम 10 फरवरी को

**राजगढ़।** इंटरनेट के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुरक्षित इंटरनेट दिवस 2026 के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 10 फरवरी 2026 को जिला पंचायत सभाकक्ष में अपराह्न 4 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारी को साइबर अपराध से बचाव, ऑनलाइन फ्रॉड, इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग, डिजिटल गोपनीयता के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। इस कार्यक्रम में सहभागिता कर सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के प्रति जागरूक बनें एवं दूसरों को भी जागरूक करें। डिजिटल युग में इंटरनेट के लाभों के साथ-साथ उससे जुड़े जोखिमों को समझना अत्यंत आवश्यक है, ताकि सुरक्षित और सकारात्मक डिजिटल वातावरण का निर्माण किया जा सके।

# अव्यवस्थित सब्जी मंडी से व्यापार प्रभावित,

### वीरान पड़े टीनशेड, सड़क बनी सब्जी बाजार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सुसनेर

नगर में सब्जी मंडी को व्यवस्थित करने की नगर परिषद की योजना फिलहाल हवाहवाई साबित हो रही है। दशहरे के बाद महात्मा ज्योतिबा फुले सब्जी मंडी को नरबदिया नाला मार्ग स्थित नवनिर्मित टिनशेड के नीचे शिफ्ट करने की घोषणा की गई थी। लेकिन कई महीने बीत जाने के बावजूद आज भी मंडी सड़कों पर ही सज रही है। नतीजा यह है कि नगर का सबसे व्यस्त मार्ग रोजाना जाम की चपेट में रहता है और आम नागरिकों को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। नरबदिया नाला मार्ग सुसनेर का प्रमुख आवागमन मार्ग है, जो इतवारिया बाजार, मैना रोड, डग रोड, पिडावा रोड सहित प्रसिद्ध श्रीखेड़ापति हनुमान मंदिर को जोड़ता है। इसी सड़क पर सुबह से शाम तक सब्जी के ठेले



**इनका कहना**
सब्जी मंडी को व्यवस्थित रूप से टिनशेड में शिफ्ट करने के लिए शीघ्र ही परिषद की बैठक बुलाकर ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी। हमारा प्रयास है कि व्यापारियों और आम जनता को परेशानी न हो तथा यातायात सुचारू बना रहे। बहुत जल्द मंडी को नए स्थल पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा।
**लक्ष्मी सिसोदिया**
**अध्यक्ष नगर परिषद**

और अस्थायी दुकानें लगने से रास्ता संकरा हो जाता है। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को निकलने में भारी दिक्कत होती है। कई बार एंबुलेंस और स्कूल वाहनों तक को रास्ता नहीं मिल पाता। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रोज लगने वाले इस जाम से समय की बर्बादी के साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्थायी दुकानदारों को उठानी पड़ रही है। नगर परिषद की नीलामी में लाखों रुपये खर्च कर जिन व्यापारियों ने वैध दुकानें खरीदी थीं, वे आज खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि सड़क पर लगने वाली अव्यवस्थित मंडी के कारण ग्राहक दुकानों तक पहुंच ही नहीं पाते। भीड़ और जाम के चलते लोग दूर से ही लौट जाते हैं, जिससे उनका व्यापार लगातार गिर रहा है। कई दुकानदारों ने यह भी आरोप लगाया कि परिषद को बार-बार शिकायत देने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। नगर परिषद ने समस्या के स्थायी समाधान के लिए टिनशेड और चबूतरों का निर्माण तो कर दिया लेकिन वह स्थान आज भी वीरान पड़ा है। न तो सब्जी विक्रेताओं को वहां शिफ्ट किया गया और न ही किसी प्रकार की ठोस कार्ययोजना लागू हुई। पूर्व में नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी राहुल सिसोदिया ने आश्वासन दिया था कि दशहरे के तुरंत बाद मंडी को व्यवस्थित कर दिया जाएगा। सीएमओ ओ.पी. नागर ने भी कहा था कि चबूतरे तैयार हैं और जल्द दुकानदारों को निर्धारित स्थान आवंटित किए जाएंगे, परंतु जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। नगर के जागरूक नागरिकों का कहना है कि यह समस्या केवल यातायात की नहीं, बल्कि शहर की छवि और व्यापारिक व्यवस्था से जुड़ी है। अव्यवस्था के कारण बाहर से आने वाले श्रद्धालु व ग्राहक भी परेशान होते हैं। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो विवाद और बढ़ सकते हैं। लोगों ने मांग की है कि नगर परिषद तत्काल ठेले वालों को टिनशेड में स्थानांतरित करे, सड़क पर अतिक्रमण हटाए और यातायात को सुचारू बनाने के लिए ठोस नीति लागू करे।

### आपसी भाईचारे पर जोर, प्रशासन की सख्त चेतावनी

# त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक सपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ महिदपुर

आगामी त्योहारों को देखते हुए स्थानीय महिदपुर थाना परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और विभिन्न समुदायों के गणमान्य नागरिकों शामिल हुए।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम अजय हिंगे, एसडीओपी जेडेन लिंगजेपा, तहसीलदार संतुष्टि पाल, थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि महिदपुर हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे का प्रतीक रहा है। उन्होंने सभी से अपील की कि किसी भी त्यौहार को मिल-जुलकर मनाएं और किसी भी



प्रकार की भ्रामक खबरों या सोशल मीडिया की अफवाहों पर ध्यान न दें।

प्रशासन द्वारा बैठक में निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। त्योहारों के दौरान बाजार में लगने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए प्रमुख चैराहों पर लगे कैमरों को सुचारू रखने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका को आयोजन स्थलों पर साफ-सफाई और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने की कोशिश करने वाले असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक, विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु, व्यापार मंडल के प्रतिनिधि और पुलिस विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### कक्षा 9वीं एवं 11वीं के रिक्त स्थानों हेतु आयोजित परीक्षा 07 फरवरी को

**राजगढ़।** प्राचार्य पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय कचनारिया सुस्तानी द्वारा बताया गया कि पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, कचनारिया सुस्तानी में सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं एवं 11वीं के रिक्त स्थानों हेतु आयोजित परीक्षा के प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रवेश पत्र उक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। उक्त परीक्षा 07 फरवरी, 2026 को आयोजित की जाएगी। साथ ही कक्षा 9वीं की प्रवेश परीक्षा दो परीक्षा केंद्रों प्रोफेसर संतोष मित्तल हायर सेकेण्?ड्री स्कूल, ए.बी.रोड़ पचोर एवं प्रज्ञासागर कॉलेज शुजालपुर रोड़ पचोर पर होगी। कक्षा 11वीं की प्रवेश परीक्षा केंद्र पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कचनारिया सुस्तानी राजगढ़ में आयोजित की जाएगी।

# शहर में कुत्तों के बधियाकरण के नाम पर हुआ करोड़ों का घोटाला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

शहर में कुत्तों के बधियाकरण के नाम पर हुए करोड़ों रुपए के कथित घोटाले की लोकायुक्त जांच लगभग पूरी हो चुकी है। इस मामले में संभागायुक्त ने नगर निगम आयुक्त को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है, जबकि लोकायुक्त ने अपनी जांच रिपोर्ट तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को भोपाल भेज दी है।

रतलाम में कुत्तों के बधियाकरण को लेकर हुए कथित भ्रष्टाचार की शिकायत वार्ड क्रमांक 1 की कांग्रेस पार्षद भावना हितेश पैमाल ने लोकायुक्त और संभागायुक्त से की थी। पार्षद ने नगर निगम के सम्मेलन में भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। नगर निगम की ओर से पार्षद को दिए गए जवाब में बताया गया था कि वर्ष 2022 से 2025 के बीच निगम द्वारा करीब 2 करोड़ 58 लाख रुपए खर्च कर 33 हजार 630 कुत्तों का बधियाकरण किया गया है। नगर निगम के दावे के विपरीत, स्वास्थ्य विभाग द्वारा अगस्त माह में शहर के पांचों जोन में कराए गए सर्वे में बधियाकरण किए गए सिर्फ 2204 कुत्ते ही पाए गए। इसके अलावा 3111 कुत्ते ऐसे मिले, जिनका अभी तक बधियाकरण नहीं हुआ है। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार जब 2204 कुत्तों का ही बधियाकरण मिला और 3111 कुत्ते अभी शेष हैं, तो निगम द्वारा बताए गए 33 हजार 630 कुत्तों में से करीब 31 हजार 426 कुत्ते कहां हैं, इस सवाल का जवाब निगम के अधिकारियों के पास नहीं है। इसी को लेकर खर्च की गई राशि पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। कांग्रेस पार्षद भावना हितेश पैमाल ने इस पूरे मामले को लेकर लोकायुक्त और संभागायुक्त को शिकायत कर कुत्तों के बधियाकरण के नाम पर हुए भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए संभागायुक्त ने नगर निगम आयुक्त को नोटिस जारी किया है। नोटिस में पूछा गया है कि कुत्तों के बधियाकरण में भ्रष्टाचार हुआ है या नहीं, इसकी पूरी रिपोर्ट तथ्यों के साथ प्रस्तुत की जाए। संभागायुक्त का नोटिस आने के बाद लगभग एक माह से ठंडे पड़े कुत्ता बधियाकरण घोटाले का मामला एक बार फिर तूल पकडने लगा है।

# विद्युत कंपनी एई ओझा निलंबित सिंगरौली अटैच, विभागीय जांच भी बैठाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शुजालपुर

सिटी मंडी रोड स्थित बिजली कंपनी के 132 केवी उपकेंद्र से सामान बिक्री और इसमें दो कबाड़ी, वाहन चालक और मजदूर समेत 6 लोगों पर केस दर्ज होने के मामले में विभागीय जांच समिति ने उपकेंद्र प्रभारी एई विजय ओझा की गंभीर लापरवाही मानी है। रिपोर्ट जबलपुर मुख्यालय भेजी जाने के बाद वहां से एई ओझा को तत्काल निलंबित कर सिंगरौली अटैच किया गया है। उन्हें वहां टेस्टिंग डिवीजन में अटैच किया गया है।

पीआरओ, मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी कैंप, जबलपुर शशिकांत ओझा ने बताया कि मामले की जांच उज्जैन से एसी योगेशकुमार माथुर और उज्जैन के ही ईई बीके चौधरी ने की थी। दोनों ने प्रथम दृष्टया मामले में एई ओझा की लापरवाही गंभीर मानी है। इसी के आधार पर उन पर यह कार्रवाई की गई है। साथ ही ओझा के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू की जा रही है, जो जल्द ही अपनी विस्तृत रिपोर्ट देगी।



उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कमेटी की घोषणा चीफ इंजीनियर जबलपुर अमरकीर्ति सक्सेना जल्द ही करेंगे।

सिटी थाना शुजालपुर में 31 जनवरी को कार्यपालन अभियंता अरुणकुमार कनोजिया की सूचना पर कैलाश बागरी, जावेद खान, शकील खान, आरिफ खान, इस्माइल खान एवं आमिर के विरुद्ध चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया। केस में उल्लेख किया गया कि 132 केवी उपकेंद्र से सामग्री 220 केवी उपकेंद्र भेजी जानी थी, लेकिन वाहन चालक और अन्य लोग उसे वहां न ले जाकर कबाड़ी के घर ले गए। इधर मामले में पीड़ितों का कहना है कि सामग्री विभागीय अधिकारी ने बेची थी।

कबाड़ी के आरोपों के अनुसार उपकेंद्र पर पदस्थ एई विजय ओझा ने परिसर में रखी लाखों की सामग्री कबाड़ के रूप में बेचने की बातचीत की थी। 29 जनवरी शाम उपकेंद्र परिसर जाकर तांबे की रॉड, क्वाइल रिले, एल्युमीनियम, लोहा, बैटरी सहित अन्य उपकरण देखे। 30 जनवरी को सामग्री की कीमत तौल उपरांत 1 लाख 22 हजार 360 रुपए बनी थी, जिसकी राशि ओझा को राउंड फि गर में 1 लाख 22 हजार 500 रुपए अकोदिया रोड स्थित एक कैफे दिए गए। तौल कार्य करने के बाद 132 केवी से ली गई सामग्री अपने गोदाम पर भेज दी। जहां पर कबाड़ा उतारा जा रहा था तभी पुलिस पहुंची और इसे चोरी का माल बता दिया, जबकि विभागीय रजिस्टर में वाहन, व्यक्तियों की आवक-जावक दर्ज की गई, जिसमें सामग्री एई के आदेश से ले जाने का उल्लेख है। 30 जनवरी को कंपनी अधिकारियों को सूचना नहीं दी गई।

# किताबों से निकलकर प्रयोगशाला तक पहुँचा ज्ञान विद्यार्थियों को जेएनयू में मिली विज्ञान की विशेष प्रशिक्षण

ब्रह्मास्त्र ›› मंडलेश्वर

बायोनैनोटेक्नोलॉजी से सुलझेंगी समाज की जटिल समस्याएँ, विशेषज्ञों ने सिखाया जीन-संपादन और लक्षित दवा वितरण का हुनर भविष्य की क्रांतिकारी तकनीक 'बायोनैनोटेक्नोलॉजी' अब केवल किताबों तक सीमित नहीं रह गई है। मण्डलेश्वर के विद्यार्थियों ने इस अत्याधुनिक विज्ञान का व्यावहारिक उपयोग कर समाज की जटिल समस्याओं को सुलझाने का संकल्प लिया है। नई दिल्ली के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के '३य नैनो, इन्क्यूबेशन सेल' में आयोजित तीन दिवसीय विशेष कार्यशाला में सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज के



विद्यार्थियों ने नैनो-जैव प्रौद्योगिकी की गूढ़ बातें न केवल समझीं, बल्कि उनका जीवंत अनुभव भी प्राप्त किया।प्रयोगशाला में खुद तैयार किए नैनो कण

कार्यशाला के दौरान संस्थापक डॉ. प्रतिमा सोलंकी ने बताया कि यह विज्ञान कृषि सुधार, पर्यावरण संरक्षण और संवेदन तकनीक (सेंसिंग टेक्नोलॉजी) में मील का पत्थर साबित होगा। वहीं, डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह ने आधुनिक युग की सबसे चर्चित जीन-संपादन तकनीक 'सीआरआईएसपीआर-कैस९' पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यार्थियों के लिए सबसे रोमांचक क्षण वह था जब उन्होंने प्रयोगशाला में स्वयं 'कार्बन डॉट्स' का संश्लेषण किया और धात्विक नैनोकणों (मेटालिक नैनोपार्टिकल्स) का निर्माण कर उनके जैविक उपयोगों का सफल परीक्षण किया। भविष्य की चुनौतियों का समाधान विशेषज्ञों के अनुसार, नैनो तकनीक आने वाले समय में जीवन के हर क्षेत्र में निर्णायक बदलाव लाएगी। इसके माध्यम से शरीर के प्रभावित हिस्से तक सीधे दवा पहुँचाना (लक्षित दवा वितरण), बीजों की गुणवत्ता सुधारना और प्रदूषण मुक्ति जैसे कार्य अत्यंत सरल हो जाएंगे। सहायक प्रोफेसर डॉ. विनर्स दवाने ने बताया कि नैनोमीटर पैमाने पर यह विज्ञान भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों का सबसे सटीक समाधान है।ग्रामीण प्रतिभाओं को मिला वैश्विक मंच कॉलेज के प्रबंध निदेशक बी.एम. पाटीदार एवं शैक्षणिक निदेशक संजय गर्ग ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। उनका कहना था कि जेएनयू जैसे विश्वस्तरीय संस्थान में प्राप्त यह अनुभव ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देगा, बल्कि उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए भी तैयार करेगा।

## श्री राम नवमी मेला ग्राउंड में लगे वृक्षों की सुरक्षा की मांग, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

सुसनेर। नगर परिषद द्वारा श्री राम नवमी पर वर्षों से आयोजित होने वाले मेला ग्राउंड की भूमि पर लगे हरे-भरे वृक्षों की कटाई किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार गत दिनों मेला ग्राउंड में लगे हरे फलदार इमली के पेड़ को काटा जा रहा था। स्थानीय लोगों के एकत्रित होने पर पेड़ काटने वाले मौके से भाग गए। इस घटना को लेकर ओंकारेश्वर महादेव एवं नाथ जी की कुटिया के पुजारी पंडित गोविंद शर्मा ने राजस्व विभाग, नगर परिषद और वन विभाग के अधिकारियों को शिकायत प्रस्तुत की। इसी क्रम में गुरुवार 5 फरवरी को पंडित गोविंद शर्मा ने नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) अरुण शर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए मेला ग्राउंड में काटे गए इमली के वृक्ष के संबंध में वन विभाग द्वारा निर्धारित विधि अनुसार कार्यवाही करने की मांग की। साथ ही उन्होंने मेला ग्राउंड क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण पर रोक लगाने की भी मांग की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि यह मेला ग्राउंड वर्षों से धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों का प्रमुख स्थल रहा है। यहां पर लगे वृक्ष पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ क्षेत्र की पहचान भी हैं। ऐसे में बिना उचित अनुमति के वृक्षों की कटाई न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है बल्कि जनभावनाओं को भी आहत करती है।

## कॉलेज स्तर पर मानव अधिकार विषय को पाठ्यक्रम में शामिल करने की जरूरत है

ब्रह्मास्त्र ›› मंडलेश्वर



भारतीय समाज में मां अपनी बेटी को घर के सारे कार्य सिखा देती है।उसके बाद भी स्कूल कॉलेज में होम साइंस को एक विषय के रूप में पढ़ाया जाता है।होम साइंस के साथ जब स्कूल कॉलेज में बच्चों को मानव अधिकार एक विषय के रूप में पढ़ाया जाएगा तो इस देश की उन्नति में क्रांतिकारी परिवर्तन होगा लोग अपने अधिकारो को लेकर जागरूक होंगे तब लोगो के मानव अधिकारों का हनन बंद होगा और एक सुसभ्य संस्कृत और सम्पन्न समाज का निर्माण होगा जिससे हम विकसित भारत का लक्ष जल्दी प्राप्त कर लेंगे।

भारत में मानव अधिकार पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए यह कार्य पंजाब विश्वविद्यालय ने शुरू कर दिया है अब दूसरे राज्यों को इसका अनुसरण करना चाहिए।यह प्रेरक उदगार मानव अधिकार परिषद (भारत) की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमति आरती राजपूत ने उमिया कन्या महाविद्यालय मंडलेश्वर में मानव अधिकार पर आयोजित व्याख्यान में कही।आपने महिलाओं का आव्हान किया कि वे अपने अधिकारो के प्रति सचेत रहे कानूनी जानकारी ले और अपने अंदर आत्मविश्वास पैदा करे तभी आप अन्याय अत्याचार के खिलाफ लड़ सकते है।परिषद के प्रदेश अध्यक्ष संतोष ठाकुर ने अपने स्वागत भाषण में मध्य प्रदेश में परिषद के उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी दी प्रदेश सचिव गोविन्द सिंह कुशवाह ने प्रदेश संगठन की जानकारी दी।आपने नारी के सम्मान में कहा कि। नारी पहले भी भारी थी , पुरुष आज भी आभारी है। विशेष अतिथियों में परिषद के मंदसौर जिलाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह गुजर रतलाम जिलाध्यक्ष मनोज कटारिया एवं वरिष्ठ लेखक दुर्गेश राजदीप शामिल रहे। आभार प्रो विष्णु पाटीदार ने माना संचालन प्रो कीर्ति मकवाने ने किया।

## बच्चों के मोबाइल उपयोग को लेकर कानून बनाना जरूरी है-विश्वदीप मिश्रा

ब्रह्मास्त्र ›› मनावर

एकीकृत माध्यमिक विद्यालय सनमोड़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने उत्सव पूर्वक भाग लेकर पुरस्कार अर्जित किए। कार्यक्रम में विजेताओं और प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार विश्वदीप मिश्रा और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के रिसोर्स पर्सन एन एस निरंकारी ने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।


इस अवसर पर विश्वदीप मिश्रा ने कहा कि मोबाइल गेम मनोरंजन का साधन नहीं रह गया है। इसके ज्यादा उपयोग से बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य खराब होकर वह तनाव का शिकार हो रहे हैं। मोबाइल की लत जानलेवा तक बन सकती है। बच्चों को मोबाइल से दूर ही रहना चाहिए। हमारे यहां भी बच्चों द्वारा मोबाइल के उपयोग को लेकर अब कानून बनाना अनिवार्य हो गया है। विशेष अतिथि निरंकारी ने कहा कि अब परीक्षा का दौर प्रारंभ होने जा रहा है विद्यार्थियों को तनाव रहित होकर अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए परिश्रम करना चाहिए। समय का संयोजन और अनुशासन से मंजिल को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

## गेंहू पंजीयन के लिये समिति प्रबंधक व ऑपरेटरों की प्रशिक्षण की बैठक संपन्न

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निदेर्शानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों के गेंहू पंजीयन के लिए अवधेश कुमार पाण्डेय, जिला आपूर्ति अधिकारी, मनोज भगत, जिला प्रबंधक, मप्रएससीएससी व अनुभव जैन, प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक जिला गुना द्वारा जिले में बनाये गये 35 पंजीयन केन्द्र के समिति प्रबंधक व ऑपरेटरों की उपस्थिति में पंजीयन प्रशिक्षण की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी समिति प्रबंधकों को पंजीयन की अवधि 07 फरवरी से 07 मार्च 2026 तक की जानकारी दी गई तथा पंजीयन में सभी किसानों से बैंक खाता, आधार कार्ड, खतौनी, समग्र आई डी, आदि लेवें। पंजीयन निःशुल्क किया जाए। जिन किसानों द्वारा सिक्मी बटईदार या वनभूमि का पंजीयन कराया जाता है, उनसे अनुबंध पत्र की प्रति अनिवार्य रूप ली जावे। पंजीयन गिरदावरी रकबे अनुसार किया जाना है, जिसमें किसी फसल का पंजीयन गलत-गलत प्रदर्शित होने पर सुधार हेतु तहसीलदार/नायब तहसीलदार को आवेदन दिए जाने के संबंध में जानकारी दी गई। किसानों के नाम परिवर्तन में संशोधन करने के लिए पोस्ट ऑफिस में या भू-अभिलेख के रिकॉर्ड के अनुसार नाम संशोधन करने हेतु अवगत कराया जाना है।

## 7 फल गोदाम सील:बिना वैध लाइसेंस के चल रहे थे, कचरा शुल्क भी नहीं किया जमा

देवास। शहर के सुतार बाखल क्षेत्र में गुरुवार को नगर निगम ने अवैध रूप से संचालित फल गोदामों पर सख्त कार्रवाई की। निगम अमले ने बिना वैध लाइसेंस के चल रहे 7 फल गोदामों को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर पंचनामा भी तैयार किया गया। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, ये सभी गोदाम बिना किसी वैध व्यापारिक लाइसेंस के संचालित हो रहे थे। इसके अलावा संचालकों द्वारा नगर निगम का कचरा शुल्क भी जमा नहीं किया जा रहा था। लगातार नियमों के उल्लंघन के चलते निगम को यह कार्रवाई करनी पड़ी। नगर निगम के लाइसेंस एवं स्वास्थ्य प्रभारी हेमंत उबनारे ने बताया कि सुतार बाखल क्षेत्र में 7 से 8 दुकानों की जांच की गई, जिनमें से 7 दुकानों को सील किया गया। इस कार्रवाई में स्वच्छता निरीक्षक सहित निगम का अन्य अमला भी शामिल रहा। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सील की गई दुकानों को तब तक नहीं खोला जाएगा, जब तक संचालक वैध लाइसेंस नहीं बनवा लेते और नगर निगम के सभी नियमों का पालन नहीं करते। निगम की ओर से आगे भी शहर में इस तरह की जांच और कार्रवाई जारी रहने की बात कही गई है।



## परीक्षा की तैयारी को लेकर प्रधानमंत्री के विद्यार्थियों से चर्चा का लाईव प्रसारण



ब्रह्मास्त्र ›› खंडवा

छात्र-छात्राओं की परीक्षा के पूर्व शुक्रवार को परीक्षा पर चर्चा 2026 कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा विद्यार्थियों से चर्चा की गई। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि विद्यार्थियों से परीक्षा को लेकर चर्चा का प्रसारण प्रातः 10 बजे हुआ। पूरे देश भर के स्कूलों में प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन का लाइव प्रसारण देखा गया। जिला मुख्यालय खंडवा में भी शिक्षा विभाग द्वारा मोतीलाल नेहरू स्कूल में जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों ओर शिक्षकों द्वारा देखा गया। इस अवसर पर उपस्थित विधायक खंडवा श्रीमती कंचन मुकेश तन्वे ने विद्यार्थियों को कहां की अच्छे नागरिक बनने के लिए अच्छी शिक्षा की आवश्यकता होती है मन लगाकर पढ़ाई करें और परीक्षा के समय ध्यान पूर्वक सभी प्रश्नों के उत्तर हम देंगे तो सफलता निश्चित मिलेगी, असफलता से घबराने की आवश्यकता नहीं है, हमें पुनः प्रयास करना चाहिए, अपना लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करके लक्ष्य को हासिल करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित महापौर अमृता अमर यादव ने विद्यार्थियों को कहां की सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है हमें निरंतर अध्यापन करते रहना चाहिए यह नहीं कि हम सिर्फ परीक्षा के समय पढ़ाई करें। परीक्षा के समय से पूर्व पहुंचे और एकाग्रता के साथ जो प्रश्न के उत्तर हमें याद है उन्हें पहले पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि हमें समय प्रबंधन करते हुए पढ़ाई करना चाहिए। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित जिला पंचायत खंडवा के

## शिक्षा के बीना जीवन अधूरा है इसलिए मन लगाकर पड़े-पत्रकार भारती

ब्रह्मास्त्र ›› बाग

नगर की आजाद पब्लिक स्कूल में बड़े ही धूमधाम से मना पत्रकार शहजाद खान भारती का जन्मदिन। नगर पत्रकार संघ के का,अध्यक्ष शहजाद खान भारती ने अपना जन्मदिन इस बार आदिवासी समाज के बच्चों के साथ आजाद पब्लिक स्कुल में बड़े ही धूमधाम और उत्साह उमंग के साथ मनाया आजाद पब्लिक स्कूल में अध्यनरत बच्चों के बीच अपना केक काटा सभी बच्चों ने एक सुर में हैप्पी बर्थडे बोलते हुए ताली बजाई और खान भारती को जन्मदिन की बधाई देकर हाथ मिलाए इस दौरान स्कूल के बच्चों का उत्साह और भी चरम पर था । जहां बच्चों को स्वल्पाहार करवाया गया ।

स्कूल की संचालक मनीषा मैम ने भी बधाई देते हुए स्कूल में आ रही परेशानियो से अवगत करवाया । वहीं बच्चों ने भी बताया सर स्कूल तक आने का रास्ता खराब हे आने जाने में बड़ी परेशानी आती है और खिसकर बारिश के समय मैं । वेसे देखा जाए तो निजी संस्था संचालित हो रही है जिसमें करीब 100 बच्चों का यह आश्रम है जहां संचालक और टीचरों की अच्छी मेहनत से बच्चों की बहुत ही गुणवत्तापुर्ण पढ़ाई के साथ टेलेंट भी बहुत भरा है । जहां की संचालक मनीषा मेम ने बताया की शिक्षा एक सेवा है और हम बच्चों की सेवा कर रहे हे हमें दुसरा कोई लाभ नहीं मिलता अगर थोड़ा भी शासन का कुछ सहारा मील जाए तो ओर भी अच्छा हम कर सकते हैं । जिसके लिए हमारे द्वारा आगे भी लिखकर दिया हे । कुछ हो जाए तो इन बच्चों का भला हो जाएगा गरीब परिवार के बच्चे हैं । आगे जाकर इनका भविष्य अच्छा बनेगा तो याद तो करेंगे । वहीं पत्रकार खान भारती ने बच्चों को अपनी शिक्षा के प्रति समझाते हुए कहा की शिक्षा भी हमारे जीवन का विभिन्न अंग है ।

## 12 फरवरी को कुकरा बसाहट में गांधीजी की समाधि स्थल पर लगेगा सर्वोदय मेला

बड़वानी । प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गाँधी श्राद्ध दिवस पर सर्वोदय मेले का आयोजन किया जाना है। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने अपर कलेक्टर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी द्वारा सर्वोदय मेले का आयोजन हेतु संबंधित विभागों से निम्नानुसार व्यवस्था करावेंगे- सामूहिक सफाई, प्रभात फेरी, प्रबुद्धजनों द्वारा गाँधी विचार पर संबोधन, सर्वधर्म प्रार्थना और श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। आयोजन में शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठन पूर्व वर्षों की भांति सहभागिता के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे। नगर पालिका अधिकारी बड़वानी के द्वारा समाधि स्थल की सफाई, रंग रोगन, सजावट, टेंट एवं साउंड के साथ ही स्वल्पाहार की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।



नीना गुप्ता ने चेताया

## युवा अभिनेत्रियों को शुरूआत में कॉमेडी से बचने की सलाह

अभिनेत्री नीना गुप्ता ने हाल ही में अपने करियर के अनुभवों को साझा करते हुए युवा अभिनेत्रियों को शुरूआती कॉमिक भूमिकाओं से सावधान रहने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि कैसे उनकी शुरूआती कॉमेडी भूमिका ने उनकी छवि को टाइपकास्ट कर दिया और मुख्य भूमिकाओं में आने के रास्ते पर लंबे समय तक असर डाला।


नीना गुप्ता ने बातचीत में कहा कि अगर कोई अभिनेत्री मुख्य नायिका बनना चाहती है, तो शुरूआत में कॉमिक रोल लेना सोच-समझकर करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि हालांकि कॉमिक भूमिकाएं दर्शकों में लोकप्रिय हो सकती हैं, लेकिन यह कलाकार को एक निश्चित छवि में बांध सकती है और बाद में गंभीर या प्रमुख भूमिकाओं में काम पाना मुश्किल कर सकती है।

उन्होंने अपने करियर का उदाहरण देते हुए 1982 की फिल्म साथ-साथ का जिक्र किया। इस फिल्म में उन्होंने चश्मा पहने और सब कुछ जान लेने वाली लड़की का किरदार निभाया, जो दर्शकों में बेहद लोकप्रिय हुआ। नीना गुप्ता ने इसे अपने करियर का सबसे बड़ा डिजास्टर बताया, न इसलिए कि फिल्म असफल रही, बल्कि इसलिए कि उनकी भूमिका की लोकप्रियता ने उन्हें टाइपकास्ट कर दिया। इस कारण फिल्म निर्माताओं ने उन्हें मुख्य नायिका की भूमिका देने में हिचक महसूस की। फिल्म की प्रीमियर पार्टी में प्रसिद्ध नाटककार और निर्देशक गिरीश कर्नाड ने कहा था, अब तुम्हारा करियर खत्म है। तुम्हें कभी हीरोइन रोल नहीं मिलेगा।

# डॉन 3 और कृष 4 में नजर आएंगी प्रियंका चोपड़ा?

बोलीं- पता नहीं इस बारे में कुछ कह सकती हूं या नहीं





प्रियंका चोपड़ा करीब छह साल बाद भारतीय सिनेमा में वापसी करने जा रही हैं। वह एस.एस. राजामौली की फिल्म वाराणसी में नजर आएंगी। इसी बीच एक्ट्रेस ने अपनी डॉन और कृष को लेकर बात की, जिसके बाद चर्चा शुरू हो गई कि क्या वह इन दोनों ही फिल्मों में नजर आएंगी।

स्क्रीन रेंट से बातचीत में जब प्रियंका चोपड़ा से डॉन 3 और कृष 4 का हिस्सा होने के बारे में पूछा गया तो एक्ट्रेस ने कहा, यह ऐसे किरदार हैं, जिन्हें वो हमेशा लाने के लिए तैयार रहेंगी लेकिन कहानी भी अच्छी होनी चाहिए। मुझे नहीं पता कि मैं उनमें से किसी के बारे में बात कर सकती हूं या नहीं।

इसी दौरान प्रियंका के को-एक्टर महेश बाबू ने मजाक में कहा, तो फिर कुछ न कुछ जरूर चल रहा है। आगे एक्ट्रेस ने कहा, वाराणसी भारत में लगभग छह साल बाद मेरी पहली फिल्म है और यहां वापस आना बेहद खास है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी किरदार या फ्रेंचाइजी में दमदार कहानी हो तो वह उसे दोबारा निभाने के लिए तैयार हैं। ऋतिक रोशन की कृष 3 में प्रियंका चोपड़ा नजर आई थीं। इसके अलावा वो शाहरुख खान की 'डॉन 2' का भी हिस्सा रह चुकी हैं। बता दें, प्रियंका चोपड़ा इन दिनों एसएस राजामौली के निर्देशन में बनने जा रही फिल्म वाराणसी में दिखाई देंगी। इस मूवी में प्रियंका चोपड़ा को महेश बाबू नजर आएंगे। यह फिल्म 2027 में रिलीज होगी।






## मनोज बाजपेयी की फिल्म घूसखोर पंडत पर विवाद

मेकर्स को कानूनी नोटिस भेजा गया, पंडित शब्द को अपमानित करने का आरोप

मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी नई फिल्म घूसखोर पंडत को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में एक इवेंट में फिल्म का टीजर जारी किया गया, जिसके बाद यह विवादों में घिर गया। मुंबई के एक वकील का आरोप है कि पंडित जैसे सम्मानजनक शब्द को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। इस कारण उन्होंने फिल्म के मेकर्स को कानूनी नोटिस भेजा है।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, यह नोटिस मुंबई के वकील आशुतोष दुबे ने भेजा है। उनका आरोप है कि पंडित जैसे सम्मानजनक शब्द को भ्रष्टाचार के साथ जोड़ना न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि इससे पूरे समुदाय की गरिमा को ठेस पहुंचती है। नोटिस में कहा गया है कि यह फिल्म जानबूझकर एक समुदाय की छवि को खराब करने की कोशिश कर रही है।

वकील ने आगे यह भी कहा कि नेटफ्लिक्स जैसी बड़ी कंपनी इस तरह के कंटेंट को प्रमोट कर रही है। पंडित शब्द भारतीय सभ्यता में नैतिकता और आध्यात्मिक अधिकार का प्रतीक है। इसे रिश्वतखोरी और अपराध के साथ जोड़कर दिखाना गलता है।

यह केवल क्रिएटिव फ्रीडम नहीं है बल्कि कला के नाम पर किसी समुदाय की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना है। उनका कहना है कि फिल्म का नाम केवल सनसनी फैलाने के इरादे से रखा गया है, जिसमें सामाजिक संवेदनशीलता की अनदेखी की गई है। इसके साथ ही, वकील ने फिल्म का नाम बदलने की मांग भी की है। नेटफ्लिक्स और फिल्म के मेकर्स ने अभी तक इस कानूनी नोटिस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। टीर में मनोज बाजपेयी सीनियर इंस्पेक्टर अजय दीक्षित के किरदार में नजर आ रहे हैं, जिन्हें दिल्ली में पंडित के नाम से जाना जाता है। फिल्म में उन्हें एक बदनाम पुलिस अधिकारी के रूप में दिखाया गया है। टीजर के मुताबिक, दीक्षित 20 साल पहले एसआई के रूप में भर्ती हुए थे और अपने किए गए कारनामों की वजह से उन्हें बार-बार डिमोट किया गया।

दिशा पाटनी संग रिश्ते की खबरों पर तलविंदर का रिएक्शन

# अफवाहों को अफवाह ही रहने दो, अभी एक-दूसरे को समझ रहे हैं



बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी और पंजाबी सिंगर तलविंदर इन दिनों अपने कथित रिलेशनशिप को लेकर सुर्खियों में हैं। दोनों को मुंबई में हुए एक कॉन्सर्ट में हाथ में हाथ डाले देखा गया था, जिसके बाद उनके डेटिंग की खबरें आने लगीं। अब इन खबरों पर तलविंदर ने अपनी चुप्पी तोड़ी है।

हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में तलविंदर ने कहा, हमारी मुलाकात शादी से ठीक पहले हुई थी और अचानक मिली इतनी सारी चर्चा ने हमें हैरान कर दिया। हम न तो किसी दबाव में आना चाहते हैं और न ही अफवाहों पर ध्यान देना चाहते हैं। हम अभी खुद को समझने और एक-दूसरे को जानने की प्रक्रिया में हैं। मैं बस इतना ही कहना चाहूंगा कि अगर लोग अफवाहें फैलाने की कोशिश करेंगे तो मैं उन्हें अफवाह ही रहने दूंगा। जब तलविंदर से पूछा गया कि क्या वह प्यार और रिश्तों के बारे में सोचते हैं, तो उन्होंने जवाब दिया, मैं हर दिन प्यार में पड़ जाता हूं। मैं अभी भी प्यार में पड़ रहा हूं।

गौरतलब है कि लोलापालूजा इंडिया 2026 म्यूजिक फेस्टिवल में दिशा पाटनी और तलविंदर को एक साथ देखा गया था। दोनों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वे इवेंट के दौरान एक-दूसरे का हाथ पकड़े नजर आए।

इसके अलावा, दोनों हाल ही में उदयपुर में कृति सेनन की बहन नूपुर सेनन और सिंगर स्टेबिन बेन की डेस्टिनेशन वेडिंग में भी शामिल हुए थे। इस शादी में दिशा अपनी बेस्ट फ्रेंड मौनी रॉय और उनके पति के साथ पहुंची थीं। प्री-वेडिंग फंक्शन का एक वीडियो भी इंटरनेट पर वायरल हुआ, जिसमें दिशा और तलविंदर साथ में हंसते हुए बातचीत करते दिखे। इस दौरान भी दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आए। बता दें कि दोनों की उम्र में करीब 5 साल का अंतर है। जहां दिशा पाटनी 33 साल की हैं, वहीं तलविंदर की उम्र 28 साल है।



### टेस्ट में दिन के आखिरी ओवर में विकेट गिरा तो नया बैटर आएगा, लेमिनेटेड बैट को मंजूरी

# क्रिकेट के 73 नियम बदले, 1 अक्टूबर से लागू होंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मेलबर्न

क्रिकेट के 73 नियम बदल दिए हैं। इनमें टेस्ट मैच में दिन के आखिरी ओवर में विकेट गिरने पर पूरा ओवर खेलना अनिवार्य कर दिया गया है। डेड बॉल, ओवरथ्रो, बाउंड्री पर लिए जाने वाले कैच, विकेटकीपर की पोजीशन जैसे कई नियम बदले गए हैं। लेमिनेटेड बैट को सशर्त मंजूरी दी गई है। नए नियम 1 अक्टूबर 2026 से लागू होंगे। 2022 के बाद नियमों में यह सबसे बड़ा अपडेट है।

- **टेस्ट मैच में दिन का आखिरी ओवर का नियम बदला-** क्रिकेट नियम बनाने वाले मेरिलबोन क्रिकेट क्लब ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि टेस्ट मैचों में दिन का आखिरी ओवर अब हर हाल में पूरा कराया जाएगा। ऐसा न होने से 'खेल का रोमांच कम हो जाता है।' आईसीसी ने कहा, यह अनुचित माना गया कि अगर दिन के अंतिम ओवर में गेंदबाजी कर रही टीम विकेट लेती है, तो बल्लेबाजी टीम को नया बल्लेबाज भेजने की जरूरत नहीं पड़ती। वहीं यह भी बयान में कहा गया कि, 'इससे समय की बचत भी नहीं होती, क्योंकि बची हुई गेंदें अगले दिन पूरी करनी ही पड़ती हैं। साथ ही इससे खेल का रोमांच कम हो जाता है। नया बल्लेबाज मुश्किल परिस्थितियों से बच जाता है। क्योंकि आमतौर पर उस समय गेंदबाजों के लिए हालात अनुकूल होते हैं। नए नियम के तहत अगर परिस्थितियां अनुकूल रहीं, तो अंतिम पूरा किया जाएगा, भले ही उस दौरान विकेट गिर जाए।'
- **ओवरथ्रो और 'डेड बॉल' की नई परिभाषा-** आईसीसी ने ओवरथ्रो और मिसफील्ड के बीच के अंतर को स्पष्ट कर दिया है। अब ओवरथ्रो सिर्फ तभी माना जाएगा, जब कोई फील्डर विकेट पर गेंद फेंकता है और वह गेंद आगे निकल जाती है। अगर फील्डर बाउंड्री के पास गेंद रोकने की कोशिश करता है और गेंद हाथ से फिसलकर निकल जाती है, तो उसे ओवरथ्रो नहीं, बल्कि मिसफील्ड कहा जाएगा। अब डेड बॉल के लिए यह जरूरी नहीं है कि गेंद गेंदबाज या विकेटकीपर के हाथ में ही हो। अगर गेंद किसी भी फील्डर के पास आ गई हो या मैदान पर रुक गई हो और अंपायर को लगे कि अब बल्लेबाज रन नहीं ले सकता, तो वह गेंद को डेड बॉल घोषित कर सकता है।



- **लेमिनेटेड बैट को मंजूरी-** लेमिनेटेड बैट या टाइप-डी बैट वह क्रिकेट बैट होता है, जिसे लकड़ी के दो या तीन टुकड़ों को आपस में जोड़कर तैयार किया जाता है। ये बल्ले पारंपरिक सिंगल-पीस बल्लों की तुलना में सस्ते होते हैं। टउउ ने इन्हें ओपन एज क्लब क्रिकेट में इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। वहीं, ओपन एज क्रिकेट उस फॉर्मेट को कहा जाता है जिसमें खिलाड़ियों की उम्र की कोई सीमा निर्धारित नहीं होती और इस स्तर पर सभी उम्र के खिलाड़ी एकसाथ खेल सकते हैं। हिट विकेट के नियम को और साफ किया गया हिट विकेट में कन्फ्यूजन को दूर किया गया है। अब यह समझने में कोई दिक्कत नहीं रहेगी कि बल्लेबाज कब हिट विकेट आउट माना जाएगा और कब नहीं।
- **बैलेंस बिगड़नाः** अगर बल्लेबाज शॉट खेलने के बाद लड़खड़ाता है और संतुलन बनाते-बनाते खुद स्टंप्स पर गिर जाता है, तो वह आउट होगा। इससे फर्क नहीं पड़ेगा कि गेंद उस समय कितनी दूर जा चुकी है।
- **फील्डर से टक्करः** अगर बल्लेबाज का किसी फील्डर से टकराव हो जाता है और उसी वजह से वह स्टंप्स पर गिरता है, तो उसे हिट विकेट आउट नहीं दिया जाएगा।
- **बल्ला छूटनाः** अगर बल्लेबाज के हाथ से बल्ला छूटकर सीधे स्टंप्स पर लग जाता है, तो वह आउट माना जाएगा। लेकिन अगर बल्ला पहले विकेटकीपर या किसी फील्डर को छूता है और फिर स्टंप्स से टकराता है, तो बल्लेबाज नॉट आउट रहेगा।
- **बॉल और बैट के लिए तय हुए मानक -** आईसीसी ने मौजूदा और पूर्व महिला खिलाड़ियों से सलाह लेकर जूनियर और महिला क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाली गेंदों के लिए नए नियम बनाए हैं। अब गेंदों को तीन साइज में बांटा गया है। साइज-1, साइज-2 और साइज-3।
- **साइज-1:** वही गेंद है, जो अब तक मेंस क्रिकेट में इस्तेमाल होती रही है, इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।
- **साइज-2:** यह गेंद महिला क्रिकेट और जूनियर खिलाड़ियों के लिए तय की गई है। यह साइज-1 से थोड़ी हल्की और छोटी होती है, ताकि खिलाड़ियों को खेलने में आसानी हो।
- **साइज-3:** यह गेंद छोटे उम्र के जूनियर खिलाड़ियों के लिए होती है। यह तीनों में सबसे हल्की और छोटी गेंद है, जिससे बच्चों को गेंद संभालने और खेल सीखने में मदद मिलती है।
- आईसीसी का कहना यह है कि हर साइज की गेंद अपने तय वजन और आकार के अनुसार बनेगी, लेकिन गुणवत्ता, मजबूती और सुरक्षा से जुड़े नियम तीनों के लिए एक जैसे होंगे।
- आईसीसी एक प्राइवेट क्रिकेट क्लब है जिसकी स्थापना 1787 में लंदन, इंग्लैंड में हुई थी। इसे दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित और पुराने क्रिकेट क्लबों में से एक माना जाता है।
- आईसीसी ने 1788 में क्रिकेट के पहले आधिकारिक नियम तैयार किए थे। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल बनने के बाद भी टउउ के पास क्रिकेट नियमों का कॉपीराइट है। यही क्रिकेट के नियम बनाती है।

## टी-20 वर्ल्डकप, पाकिस्तान से मैच पर सूर्या बोले- हम तैयार




### खेलने से उन्होंने मना किया, हम कोलंबो जाएंगे, पाक ने मुकाबले का बॉयकॉट किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच को लेकर चल रहीं चर्चाओं के बीच भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टीम इंडिया का रुख स्पष्ट कर दिया। गुरुवार को मुंबई में कैप्टन्स डे के दौरान सूर्या ने कहा कि भारत मैच खेलेगा। सामने वाली टीम नहीं खेलना चाहती तो यह उनकी मर्जी है।

हमारा माइंडसेट बिल्कुल साफ है। हमने खेलने के लिए मना नहीं किया है, उधर से मना किया गया है। क्ळउ ने मैच का शेड्यूल तय किया है और हम खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमारे टिकट बुक हैं और दिल्ली के बाद हम कोलंबो जा रहे हैं। टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू हो रहा है। 15 फरवरी को टीम इंडिया कोलंबो में पाकिस्तान से भिड़ने वाली है, लेकिन पाकिस्तान सरकार ने इस मैच के बॉयकॉट का ऐलान कर दिया है। पाकिस्तान ने 1 फरवरी को मैच का बॉयकॉट किया 1 फरवरी को पाकिस्तान सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट के जरिए भारत के खिलाफ मैच के बॉयकॉट करने का ऐलान किया था। पाकिस्तान ने यह फैसला बांग्लादेश के सपोर्ट में लिया था, क्योंकि आईसीसी ने बांग्लादेश को टूनामेंट से बाहर कर दिया था। बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत की बजाय अपने मैच श्रीलंका में कराने की मांग की थी। यह पूरा विवाद मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से हटाए जाने के बाद शुरू हुआ। बीसीसीआई ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा के विरोध में मुस्तफिजुर रहमान को भारतीय लीग से बाहर करने का फैसला किया था।

## हरियाणा के दो खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड और सिल्वर मेडल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ झज्जर

ओलिंपिक मेडलिस्ट अमन सहरावत ने जाग्रेब ओपन रेसलिंग 2026, यूडब्ल्यूडब्ल्यू (युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) रैंकिंग सीरीज के पहले ही दिन सिल्वर मेडल जीता है। वहीं शुरूआती में ही हरियाणा के सुजीत कलकल ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। 4-8 फरवरी तक क्रोएशिया के जाग्रेब में सीरीज का आयोजन किया जा रहा है।

इस टूर्नामेंट में अमन सहरावत (61 किग्रा) और सुजीत कलकल (65 किग्रा) जैसे प्रमुख नामों के साथ 41 सदस्यीय भारतीय दल भाग ले रहा है। पहले दिन सुजीत कलकल ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि अमन सहरावत ने रजत पदक प्राप्त किया। अमन सहरावत ने पेरिस ओलिंपिक में देश के लिए ब्रोंज मेडल जीता था। वहीं हाल में नोएडा आयोजित हुई पीडब्ल्यूएल में भी अमन सहरावत ने मुंबई टाइगर्स की टीम से खेलने का मिला था। वहीं सुजीत कलकल अंडर 23 एशियन चैंपियनशिप में विजेता रह चुके हैं और उन्हें भी पीडब्ल्यूएल में दिल्ली की टीम से खेलने का मौका मिला था। क्रोएसिया में आयोजित हो रही रेसलिंग ओपेन रैंकिंग सीरीज में भारत की ओर से 16 पुरुष फ्रीस्टाइल, 15 महिला पहलवान, और 10 ग्रीको-रोमन पहलवान भाग ले रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने अनुराग ठाकुर पर 9 साल पुराना बैन हटाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बीसीसीआई के पूर्व प्रेसिडेंट अनुराग ठाकुर से लाइफ टाइम बैन हटा दिया है। कोर्ट ने गुरुवार को अपने 9 साल पुराने फैसले को बदला है। उसमें ठाकुर को बोर्ड से दूर रहने को कहा गया था। अब वे भारतीय क्रिकेट के संचालन में बोर्ड के कामकाज में शामिल हो सकेंगे।

कोर्ट ने कहा कि उन पर जिंदगी भर का प्रतिबंध लगाना न तो सही था और न ही इसका कोई इरादा था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने कहा- 'यह आनुपातिकता के सिद्धांत को लागू करने का सही मामला है।' बेंच ने यह भी साफ कर दिया कि अनुराग ठाकुर पहले ही बिना शर्त माफी मांग चुके हैं, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था। साल 2017 में लोढ़ा कमेटी की सिफारिशों को लागू न करने की वजह से अनुराग ठाकुर को पद से हटाया गया था। लोढ़ा कमेटी के नियमों में आयु सीमा और सरकारी पद जैसे कई कड़े प्रावधान शामिल थे। 2017 में लगा था अनुराग ठाकुर पर बैन सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2 जनवरी, 2017 के फैसले के निर्देश 3 और 4 पहले ही वापस ले लिए गए थे। मौजूदा आवेदन केवल उन पर लगाए गए प्रतिबंध से संबंधित था। अनुराग ठाकुर के वकील ने कहा कि यह प्रतिबंध लगभग 9 साल से लागू था और इसे जारी रखने से गंभीर कठिनाई होगी। कोर्ट की अवमानना के कारण लगा था बैन 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने अनुराग ठाकुर को नोटिस जारी कर उनसे पूछा था कि उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई क्यों शुरू नहीं की जानी चाहिए। कोर्ट ने उनसे लोढ़ा कमेटी की सिफारिशों को लागू करने से बचने के लिए क्ळउ से एक लेटर के जरिए दखल मांगने के संबंध में उन पर लगाए गए झूठी गवाही के आरोपों पर जवाब देने को कहा था।



**महिला कारीगर की आवश्यकता है**

हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
**समय :-** 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
**वेतनः-** कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता
ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्माः 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबरः 8959513547




**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइलः 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## यूपीआई : आठ देशों में

# यूपीआई सेवाओं का बज रहा डंका




### 23 देशों से करार और जनवरी में लेनदेन का रिकॉर्ड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

यूपीआई सेवाएं अब फ्रांस और यूएई सहित आठ देशों में अस्तित्व में हैं सरकार ने 23 देशों के साथ डीपीआई समझौते साइन कर लिए हैं। जनवरी में यूपीआई ट्रांजैक्शन 21.70 बिलियन के पार चला गया है। पढ़ें इससे जुड़ी पूरी रिपोर्ट।

भारत का 'डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर' (डीपीआई) अब केवल सफलता की घरेलू कहानी नहीं रही, बल्कि यह वैश्विक कूटनीति और तकनीक के क्षेत्र में नेतृत्व का एक शक्तिशाली उपकरण बन गया है। सरकार ने शुक्रवार को संसद में बताया कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस अब संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), फ्रांस और सिंगापुर सहित आठ से अधिक देशों में लाइव हो चुका है। इसके साथ ही, भारत ने अपने 'इंडिया स्टैक' और डीपीआई मॉडल को साझा करने के लिए दुनिया के 23 देशों के साथ समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

राज्य मंत्री ने बताया कि यूपीआई के इस बढ़ते अंतरराष्ट्रीय प्रसार से न केवल रेमिटेंस को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि यह वित्तीय समावेशन को भी प्रोत्साहित कर रहा है। यह कदम भारत को वैश्विक डिजिटल भुगतान बाजार में एक लीडर के रूप में स्थापित कर रहा है। सरकार ने 'इंडिया स्टैक' ढांचे के तहत डीपीआई को अपनाने और इसे दोहराने के लिए 23 देशों के साथ समझौतों या एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

## ओला-उबर की तरह ड्राइवर को कमीशन नहीं देना होगा, पीक आवर में किराया नहीं बढ़ेगा

# पहली सरकारी कैब सर्विस भारत टैक्सी लॉन्च

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश की पहली सहकारी कैब टैक्सी सर्विस 'भारत टैक्सी' आज से दिल्ली और गुजरात के कुछ शहरों में शुरू हो गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में इस एप को लॉन्च किया। इस मौके पर गृह मंत्री ने कहा कि, इस सर्विस की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें ड्राइवरों से कोई कमीशन नहीं लिया जाएगा और वे खुद इस प्लेटफॉर्म के हिस्सेदार या मालिक होंगे।

इसके अलावा, पीक आवर्स में यूजर्स को सर्ज प्राइस (ज्यादा किराया) भी नहीं देना होगा। 'भारत टैक्सी' का उद्देश्य ड्राइवरों को निजी एग्रीगेटर कंपनियों के मॉडल से आजादी दिलाना है।' टैक्सी का ट्रायल 2 दिसंबर को दिल्ली और गुजरात के राजकोट में शुरू किया गया था, जो सफल रहा है।

**रिटायरमेंट सेविंग्स और ड्राइवर सपोर्ट सिस्टम मिलेगा-** लॉन्चिंग के दौरान अमित शाह एप के ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 6 ड्राइवर्स (जिन्हें 'सारथी' कहा गया है) को सम्मानित किया। इन ड्राइवरों को कंपनी के शेयर सर्टिफिकेट बांटे गए। सम्मानित होने वाले ड्राइवरों को 5 लाख रुपए का एक्सिडेंटल और 5 लाख रुपए का फैमिली हेल्थ इंश्योरेंस कवर दिया गया। इसके अलावा, प्लेटफॉर्म से जुड़ने वाले सभी ड्राइवरों के लिए रिटायरमेंट सेविंग्स और ड्राइवर सपोर्ट सिस्टम जैसी सुविधाएं भी जोड़ी गई।

**जीरो कमीशन और सर्ज-प्राइसिंग से राहत मिलेगी-** निजी कंपनियां जैसे ओला और उबर आमतौर पर ड्राइवरों की कमाई से 20% से 30% तक कमीशन वसूलती हैं। इसके उलट, भारत टैक्सी 'जीरो-कमीशन' मॉडल पर काम करेगी। यानी ड्राइवर जितनी कमाई करेगा, वह सीधे उसके पास जाएगी। इसके साथ ही, ग्राहकों के लिए भी राहत की बात यह है कि इसमें 'सर्ज-प्राइसिंग' (पीक ऑवर्स में ज्यादा किराया) का सिस्टम नहीं होगा। इससे यात्रियों को भी किफायती दरों पर टैक्सी मिल सकेगी।

**अगले 2 साल में हर शहर तक पहुंचने का टारगेट-** भारत टैक्सी को अगले दो साल में देश के सभी राज्यों और प्रमुख शहरों में शुरू करने का टारगेट है। इसके लिए सरकार के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ इसे इंटीग्रेट किया जाएगा। दिल्ली के 7 प्रमुख स्थानों पर ड्राइवरों के लिए सपोर्ट सेंटर भी शुरू किए गए हैं।

**भारत टैक्सी को कौन चलाएगा-** यह सदस्यता आधारित मॉडल है, जिसे सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड चलाएगा। इसकी स्थापना जून में 300 करोड़ की रकम के साथ हुई। एप आधारित यह सेवा डिजिटल इंडिया का हिस्सा है। इसकी एक संचालन परिषद होगी, जिसमें अमूल के एमडी जयेन मेहता चेयरमैन और एनसीडीसी के उप प्रबंधक निदेशक रोहित गुप्ता वाइस चेयरमैन हैं। इसके अलावा 8 अन्य सदस्य भी हैं, जो देश की विभिन्न सहकारी समितियों से जुड़े हैं। इस बोर्ड की पहली बैठक 16 अक्टूबर को हो चुकी है।




1. **इसकी सर्विस कैसे ले सकेंगे-** भारत टैक्सी का एप ओला-उबर जैसा होगा, जो नवंबर में एप स्टोर्स से डाउनलोड कर सकेंगे। एप हिंदी, गुजराती, मराठी और अंग्रेजी में होगा।
2. **ड्राइवरों को क्या फायदा होगा-** हर राइड की 100% कमाई ड्राइवर को मिलेगी। उसे सिर्फ दैनिक, साप्ताहिक या मासिक शुल्क देना होगा, जो कि बहुत ही सामान्य रहेगा।
3. **महिला सारथी की क्या भूमिका रहेगी-** यानी महिला ड्राइवर्स। पहले चरण में 100 महिलाएं जुड़ेंगी। 2030 तक इनकी संख्या 15 हजार करेंगे। 15 नवंबर से मुफ्त प्रशिक्षण, विशेष बीमा मिलेगा।
4. **यह सेवा 2030 तक कैसे आगे बढ़ेगी-** दिसंबर से मार्च 2026 तक राजकोट, मुंबई, पुणे में सर्विस। ड्राइवर 5 हजार होंगे। मल्टी स्टेट ऑपरेशन।

अप्रैल से दिसंबर के बीच लखनऊ, भोपाल, जयपुर में शुरुआत होगी। 15 हजार ड्राइवर और 10 हजार गाड़ियां हो जाएंगी। 2027-28 में 20 शहरों में 50 हजार ड्राइवर्स के साथ पैन इंडिया सर्विस मिलने लगेगी। इसे फास्टैग से जोड़ेंगे। 2028-2030 के बीच जिला मुख्यालयों, गांवों में एक लाख ड्राइवरों के साथ सेवा शुरू होगी।

## सोने के मुकाबले लंबी अवधि में

# बिटकॉइन ज्यादा आकर्षक



### जेपी मॉर्गन का बड़ा दावा कीमत 70 हजार डॉलर से नीचे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ग्लोबल निवेश बैंक जेपी मॉर्गन ने बिटकॉइन को लेकर बड़ा बयान दिया है। बैंक के मुताबिक लंबी अवधि के निवेश के लिहाज से बिटकॉइन अब सोने की तुलना में ज्यादा आकर्षक विकल्प बनता जा रहा है। हालांकि इस बीच बिटकॉइन की कीमत में गिरावट देखने को मिली और यह 70 हजार डॉलर के स्तर से नीचे फिसल गया। रिपोर्ट के अनुसार जेपी मॉर्गन के विश्लेषक निकोलाओस पानिगिर्टज़ोग्लू ने कहा कि पिछले साल अक्टूबर से बिटकॉइन और सोने के प्रदर्शन के बीच अंतर लगातार बढ़ा है। इस वजह से लंबी अवधि के निवेशकों के लिए बिटकॉइन की आकर्षण क्षमता मजबूत होती नजर आ रही है। बैंक का मानना है कि सोने की कीमतों में हाल ही में आई तेजी और उसकी बढ़ती अस्थिरता ने बिटकॉइन को निवेश के लिहाज से बेहतर विकल्प बना दिया है। जेपी मॉर्गन की रिपोर्ट में कहा गया है कि बिटकॉइन का जोखिम के मुकाबले रिटर्न प्रोफाइल बेहतर हुआ है। खास बात यह है कि सोने की तुलना में बिटकॉइन की अस्थिरता रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ सकता है। निवेश विशेषज्ञों का मानना है कि जोखिम संतुलन के लिहाज से यह बदलाव बिटकॉइन के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। हालांकि बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच बिटकॉइन की कीमत में गिरावट भी दर्ज की गई। रिपोर्ट के मुताबिक खबर लिखे जाने तक बिटकॉइन करीब 5 प्रतिशत गिरकर 69,388 डॉलर के आसपास कारोबार कर रहा था। वहीं स्पॉट गोल्ड की कीमत में भी गिरावट देखने को मिली और यह लगभग 2.2 प्रतिशत टूटकर 4,856 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

## यूपी बोर्ड परीक्षा में पहली बार जैमर से बंद होगी मोबाइल की पहुंच

# नकल पर लगेगी टेक्नोलॉजी की सख्त पहरेदारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं को पूरी तरह नकलमुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए इस बार अभूतपूर्व तकनीकी व्यवस्था लागू की जा रही है।

पहली बार बोर्ड परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल नेटवर्क को बाधित करने के लिए जैमर का उपयोग किया जाएगा। परिषद ने इस कदम को परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने और प्रश्नपत्र लीक जैसी घटनाओं को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया है। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेंगी और इस वर्ष लाखों विद्यार्थी इसमें शामिल होंगे।

बोर्ड द्वारा जारी जानकारी के अनुसार इस बार जैमर लगाने का निर्णय पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लिया गया है। प्रदेश के कुल 8033 परीक्षा केंद्रों में से 20 केंद्रों का चयन कर वहां जैमर लगाए जाएंगे। परिषद ने इन केंद्रों की सूची गोपनीय रखी है ताकि परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनी रहे। अधिकारियों का कहना है कि जैमर के प्रयोग से परीक्षा केंद्र के भीतर से मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह बंद हो जाएगा, जिससे प्रश्नपत्र या उत्तर पुस्तिका से जुड़ी किसी भी जानकारी को व्हाट्सएप या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से बाहर भेजना संभव नहीं होगा। परीक्षा को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। यूपी बोर्ड पहले ही पिछले कुछ वर्षों में कई नई व्यवस्थाएं लागू कर चुका है। वर्ष 2025 से प्रश्नपत्रों में केंद्रवार कोडिंग की व्यवस्था शुरू की गई, जिससे किसी भी तरह की गड़बड़ी होने पर उसकी तुरंत पहचान की जा सके। वर्ष 2023 से प्रश्नपत्रों को चार लेयर में पैक किया जाने लगा है ताकि पेपर लीक की संभावना को पूरी तरह खत्म किया जा सके।



### परीक्षाओं में जैमर का प्रयोग कर चुका

परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और फ्लाइंग स्क्वॉड की तैनाती भी की जाएगी, जिससे परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह नियंत्रित और सुरक्षित रहे। यूपी बोर्ड का यह कदम देश की अन्य प्रतिष्ठित परीक्षाओं से प्रेरित माना जा रहा है। संघ लोक सेवा आयोग अपनी सिविल सेवा परीक्षा सहित कई महत्वपूर्ण परीक्षाओं में पहले से जैमर का उपयोग करता रहा है। कर्मचारी चयन आयोग भी कंप्यूटर आधारित परीक्षाओं में जैमर का प्रयोग कर चुका है। बोर्ड का मानना है कि यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो भविष्य में प्रदेश के अन्य परीक्षा केंद्रों पर भी जैमर लगाए जा सकते हैं। परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 15 कार्य दिवसों में संपन्न कराई जाएंगी। बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ विद्यार्थियों को सुविधाजनक माहौल देने पर भी जोर दिया है ताकि छात्र बिना किसी तनाव और दबाव के परीक्षा दे सकें। शिक्षा विभाग का कहना है कि तकनीकी सुरक्षा व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य छात्रों के हितों की रक्षा करना और मेहनती विद्यार्थियों को निष्पक्ष अवसर प्रदान करना है।

## एडवांटेज विदर्भ 2026

# 70000 करोड़ का निवेश और ऊर्जा हब बनने की तैयारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अदाणी समूह के जीत अदाणी ने कहा है कि विदर्भ में 70,000 करोड़ रुपये के निवेश से ऊर्जा हब तैयार किया जाएगा। उन्होंने इंटीग्रेटेड कोल गैसीफिकेशन प्रोजेक्ट से 30,000 नौकरियों का वादा भी किया। पढ़ें लॉजिस्टिक्स और माइनिंग पर अदाणी ग्रुप के विजन के बारे में उन्होंने क्या बताया।

विदर्भ अब केवल संभावनाओं का क्षेत्र नहीं रहा, बल्कि यह भारत के औद्योगिक विकास की नई धुरी बनने के लिए तैयार है। एडवांटेज विदर्भ 2026 में अदाणी ग्रुप के निदेशक जीत अदाणी ने इस क्षेत्र को ऊर्जा, उद्योग और रोजगार की अगली राजधानी के रूप में पेश किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और सही नीतियों ने नागपुर और विदर्भ को निवेश का हॉटस्पॉट बना दिया है। जीत अदाणी ने साफ किया कि विदर्भ में यह बदलाव अचानक नहीं हुआ है, बल्कि यह वर्षों की नीतिगत सोच से संभव हुआ है। जीत अदाणी ने कहा कि ग्रुप की विदर्भ में मौजूदगी केवल लेन-देन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पीढ़ियों तक चलने वाली प्रतिबद्धता है। महाराष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए तिरोड़ा (3,300 मेगावाट) और बुटीबोरी (600 मेगावाट) पावर प्रोजेक्ट्स के जरिए बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। भविष्य की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना के तौर पर उन्होंने लिंगा, कलमेश्वर में प्रस्तावित 70,000 करोड़ रुपये के इंटीग्रेटेड कोल गैसीफिकेशन कॉम्प्लेक्स का जिक्र किया। यह परियोजना न केवल नागपुर को स्वच्छ ऊर्जा और केमिकल उद्योग के ग्लोबल मैप पर लाएगी, बल्कि इससे 30,000 प्रत्यक्ष रोजगार भी पैदा होंगे। नागपुर की केंद्रीय भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाते हुए, ग्रुप इसे देश का लॉजिस्टिक्स और एविएशन हब बना रहा है। मिहान में एमआरओ सुविधा के विस्तार और बोरखेड़ी में आईसीडी के जरिए विदर्भ एक मजबूत लॉजिस्टिक्स गेट-वे बन रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग को गर्भपात की परमिशन दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 17 साल की एक नाबालिग लड़की की 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी को मेडिकल टर्मिनेट करने की परमिशन दी। कोर्ट ने कहा कि किसी महिला, खासकर नाबालिग को, उसकी इच्छा के खिलाफ प्रेग्नेंसी जारी रखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जवल भुयान की बेंच ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को रद्द किया। कोर्ट के सामने मामला एक नाबालिग लड़की का था, जो पड़ोस के एक लड़के के साथ रिश्ते के दौरान प्रेग्नेंट हो गई थी और उसने मांग की है कि उसकी प्रेग्नेंसी खत्म कर दी जाए।

कोर्ट ने मुंबई के जेजे हॉस्पिटल को निर्देश दिया कि वे सावधानियों को ध्यान में रखते हुए लड़की का मेडिकल गर्भपात करें। मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट में कहा गया था कि यदि गर्भावस्था को पूरा समय दिया जाए तो मां और बच्चे की जान को कोई तुरंत कोई खतरा नहीं है।

इसके बावजूद कोर्ट ने कहा कि मां की इच्छा और उसका अपने शरीर पर अधिकार सबसे ज्यादा जरूरी है। अगर कोई महिला, खासकर नाबालिग प्रेग्नेंसी जारी नहीं रखना चाहती तो कोर्ट उसे मजबूर नहीं कर सकता। कोर्ट ने सवाल उठाया कि जब 24 हफ्ते तक गर्भपात की अनुमति हो सकती है, तो फिर 30 हफ्ते में क्यों नहीं। कई बार किसी महिला को यह फैसला लेने में समय लग जाता है कि वह प्रेग्नेंसी खत्म करना चाहती है या नहीं।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि यदि अदालतें ऐसे मामलों में मेडिकल टर्मिनेशन की अनुमति नहीं देतीं तो महिलाएं गैर-कानूनी और असुरक्षित तरीकों का सहारा लेने को मजबूर होंगी। झोलाछाप डॉक्टरों के पास जाएंगी जो बहुत खतरनाक हो सकता है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि बच्चे के जन्म के बाद उसे अनाथालय में रखा जा सकता है, लेकिन कोर्ट ने कहा कि यह विकल्प नाबालिग की इच्छा पर हावी नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह अस्पताल के लिए आदेश का ऑपरेटिव हिस्सा तुरंत जारी कर रहा है, जबकि डिटेल ऑर्डर बाद में दिया जाएगा।

### बाड़मेर में तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा

# राजस्थान में फरवरी के पहले हफ्ते ही पारा 30 डिग्री के पार: बिहार के गोपालगंज-मधुबनी में विजिबिलिटी जीरो






ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देशभर में मौसम बदल रहा है। मध्य प्रदेश में सर्दी फिर से बढ़ गई तो वहीं राजस्थान में फरवरी के पहले ही हफ्ते में तापमान 30 डिग्री का आंकड़ा पार कर गया। शुक्रवार को बाड़मेर में तापमान 32 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। उधर, शुक्रवार को मध्य प्रदेश के ग्वालियर, खजुराहो समेत 11 शहरों में तापमान 10ट डिग्री से नीचे रहा। खजुराहो में टेम्प्रेचर 6.6 डिग्री पहुंच गया।

मौसम विभाग के मुताबिक हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 9 फरवरी से बारिश-बर्फबारी होगी। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में 3000 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है। बिहार के गोपालगंज-मधुबनी में शनिवार सुबह से घना कोहरा छाया है, यहां विजिबिलिटी जीरो है। मौसम विभाग ने देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर में आज तेज सर्द हवाएं चलने की संभावना जताई है।

राजस्थान में मौसम के बदलाव का दौर शुरू होने के साथ ही तापमान बढ़ने लगा है। शुक्रवार को प्रदेश के सभी शहरों में दिन में तेज धूप रही, जिससे अधिकतम तापमान में 1 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई। प्रदेश में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। तेज धूप से दिन में लोगों को हल्की गर्मी महसूस हुई, जबकि सुबह-शाम तापमान में बड़ी गिरावट होने से तेज सर्दी रही। मौसम विशेषज्ञों ने राज्य में अगले 5 दिनों तक इसी तरह का मौसम रहने का अनुमान जताया है। पिछले 24 घंटों में जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, जयपुर, अजमेर, उदयपुर समेत तमाम शहरों में आसमान साफ रहा। शुक्रवार सुबह से प्रदेश में अच्छी धूप रही और दिन चढ़ने के साथ सूरज की तपिश बढ़ने लगी। बाड़मेर में अधिकतम तापमान (2.3 डिग्री बढ़कर) 32.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जालौर, पाली में अधिकतम तापमान 30-30 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर 29.6 डिग्री सेल्सियस, जोधपुर में 29.8 डिग्री सेल्सियस, डूंगरपुर, दौसा में 29.1 डिग्री सेल्सियस, चित्तौड़गढ़ में 29.8 डिग्री सेल्सियस, उदयपुर में 29 डिग्री सेल्सियस और बीकानेर में 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इन शहरों के अलावा जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, टोंक, पिलानी, फलोदी, गंगानगर में भी कल दिन में हल्की गर्मी रही, जहां अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दिन में तेज धूप और हल्की गर्मी से पहले शुक्रवार को सुबह प्रदेश में तेज सर्दी रही। दौसा, करौली, फतेहपुर, नागौर, सीकर में कल न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा ठंडे इलाके फतेहपुर और नागौर रहे, जहां न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## कटनी सबसे ठंडा, 5.6ट रहा न्यूनतम तापमान; नए वेस्टर्न डिस्टरबेंस से मावठे की संभावना



फरवरी में ठंड ने फिर असर दिखाना शुरू कर दिया है। मध्य प्रदेश के उत्तरी हिस्से में तेज सर्दी है। बीती रात ग्वालियर, खजुराहो समेत 11 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। कटनी, शहडोल और छतरपुर सबसे ठंडे हैं। शुक्रवार को दिन में सर्द हवाएं चलीं। शनिवार को भी सर्दी असर दिखाएगी। मौसम विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और साइक्लोनिक सकुर्लेशन की वजह से प्रदेश में ओले-बारिश का दौर रहा। घना कोहरा भी छाया रहा। सिस्टम का असर कम होने पर 2 दिन से ठंड का असर भी बढ़ा है। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार-शुक्रवार की रात कटनी का करौंदी सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री दर्ज किया गया। शहडोल के कल्याणपुर और खजुराहो में 6.6 डिग्री, रीवा में 7 डिग्री, राजगढ़, उमरिया में 8 डिग्री, शाजापुर में 8.1 डिग्री, नौगांव और पचमढ़ी में 8.6 डिग्री, सतना में 9.2 डिग्री, दमोह में 9.5 डिग्री, मंडला और सीधी में 9.8 डिग्री टेंपरेचर रहा। पांच बड़े शहरों में ग्वालियर सबसे ज्यादा ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में 10.2 डिग्री, इंदौर में 10.9 डिग्री, जबलपुर में 11.6 डिग्री और उज्जैन में 12.2 डिग्री रहा।

### केंद्रीय मंत्री बिट्टू बोले- राहुल पीएम की पाठशाला जाएं तो कामयाब होंगे; राहुल ने उन्हें गद्दार कहा था

# नारेबाजी के बाद लोकसभा सोमवार तक स्थगित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

संसद में शुक्रवार को भी लोकसभा में हंगामा और नारेबाजी हुई। पहली बार 3 मिनट और दूसरी बार 7 मिनट तक ही कार्यवाही चल सकी। इसके बाद लोकसभा 9 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा को भी सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा- उन्हें कल सबने बालक कहा। आज ढट की पाठशाला थी, जिसमें बच्चों को कामयाब होना बताया गया। अगर राहुल भी पीएम की पाठशाला में चले जाएं तो जिंदगी में कामयाब हो जाएंगे।

गुरुवार को लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हंगामे के बीच पास कर दिया गया। लोकसभा में 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है। वहीं राज्यसभा में पीएम नरेंद्र मोदी के भाषण के बाद प्रस्ताव पास हुआ था।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, ट्टहम जब 2014 में सरकार में आए तब पारदर्शिता है। लेकिन इस देश के बच्चों को ये नहीं पता कि इस देश में आज जो भी समस्याएं हैं वो नेहरू, गांधी परिवार की देन हैं। जो नेहरू गांधी परिवार ने किया है उसे जानने का अधिकार लोगों को है। इसलिए मैं लाइब्रेरी बनाऊंगा। मैंने देशभर के लोगों से आग्रह किया है कि आपके पास जो किताबें हैं उनकी जानकारी दीजिए, हम वो सब किताबें खरीदेंगे और सब जनता को बताएंगे। वो वन रिसर्च सेंटर होगा।




**बिट्टू बोले- पीएम की पाठशाला में जाएं राहुल तो कामयाब हो जाएंगे**

केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा, ट्टराहुल गांधी को कल सबने 'बालक' कहा। आज सुबह से प्रधानमंत्री की पाठशाला थी, जिसमें बच्चों को बता बताया कि कैसे कामयाब होना है। अगर राहुल गांधी भी पीएम की पाठशाला में चले जाएं तो जिंदगी में कामयाब हो जाएं। विपक्षी निलंबित सांसदों ने संसद परिसर में एक पोस्टर के साथ विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को 'ट्रैप डील' बताया गया है।

स्पीकर ओम बिरला के सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पीएम मोदी से लोकसभा में भाषण न देने के लिए कहने पर, कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कहा- हम विश्वगुरु हैं। हमारे प्रधानमंत्री 56 इंच सीने वाले नेता हैं और पाकिस्तानियों का उनके घर में भी सामना कर सकते हैं। वे ऐसा ड्रामा क्यों कर रहे हैं और ऐसा झूठ क्यों फैला रहे हैं? लोकसभा वह जगह है जहां से उन्हें चुना गया है। वह उसके सदस्यों में से एक हैं। वे सांसदों पर आरोप लगा रहे हैं। शिवसेना सांसद नरेश म्हास्के ने कहा- हमें लोकसभा में आकर अपनी बात रखने के लिए चुना गया है, लेकिन वे (विपक्ष) सदन में चिल्लाते हैं। वे सिर्फ पोस्टर दिखाकर सुर्खियों में रहना चाहते हैं। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने स्पीकर ओम बिरला के पीएम मोदी से सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए लोकसभा भाषण छोड़ने के लिए कहने पर कहा, खुद को लोकसभा में असुरक्षित मानकर, आपने सभी सांसदों को भी असुरक्षित महसूस कराया।


**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है भूमि स्वामी कृषक (1) कमल पिता निहाल जी आयु 43 वर्ष जाति गुर्जर निवासी ग्राम सिध्दिपुरनिपान्या तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम ग्राम सिध्दिपुरनिपान्या तहसील तराना जिला उज्जैन में भूमि सर्वे नम्बर 537/3 रकबा 0.91 हेक्टेयर में से पैकी रकबा 0.54 हेक्टेयर भुमि सर्वे नम्बर 545/3 रकबा 0.46 हेक्टेयर भुमि, कुल सर्वे नम्बर 02 कुल रकबा 1.00 हेक्टेयर भुमि स्थित है, इस भूमि को मय मौजूदा हक्क अधिकार, सुखाधिकार सहित विक्रय करने का करार भूमि स्वामी ने मेरे पक्षकार से करके एवं विक्रय मूल्य पेटे बयाना राशि मेरे पक्षकार से प्राप्त कर बिक्री अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के हित में संपादित कर दिया है, निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार अपने हित में संपादित करवाने जा रहे है, उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के हक्क, आधिपत्य, हिस्से, भरण पोषण के अधिकार या स्वत्व के संबंध में किसी प्रकार का दावा झगड़ा हो अथवा किसी प्रकार का ऋण भार, बोझ किसी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक अथवा शासन का उक्त वर्णित कृषि भूमि पर बकाया हो तो इस जाहीर सुचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में कार्यालीन समय पर उपस्थित होकर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करावें, दी गई म्याद के उपरांत मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने हित मे संपादित करवायेगे, म्याद उपरांत किसी की कोई आपत्ति या दांवा झगड़ा मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगा। यह सूचित हो ।

**रवि प्रजापति अभिभाषक तराना**
**कार्यालय समय सुबह 10 बजे से**

### भारत पर अमेरिकी एक्स्ट्रा टैरिफ आज से खत्म

# ट्रेड डील का फ्रेमवर्क जारी, 30 ट्रिलियन डॉलर का बाजार खोलेगा; 500 अरब डॉलर का सामान खरीदेगा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

भारत और अमेरिका ने शुक्रवार को अंतरिम व्यापार समझौते का एक फ्रेमवर्क जारी किया। इसके तहत भारतीय सामान पर अमेरिका का टैक्स 50% घटाकर 18% कर दिया गया है। रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25% अतिरिक्त टैक्स भी हटा लिया गया है।

दोनों देशों ने कहा कि इस फ्रेमवर्क को जल्द लागू किया जाएगा और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में बातचीत आगे बढ़ेगी। भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान के मुताबिक, यह फ्रेमवर्क 13 फरवरी 2025 को शुरू हुई भारत-अमेरिका वार्ता को आगे बढ़ाएगा।

इस समझौते में आगे चलकर बाजार पहुंच, सप्लाई चेन को मजबूत करने और ट्रेड बैरियर कम करने जैसे प्रावधान शामिल होंगे। इसके तहत भारत अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं पर सभी टैरिफ खत्म या कम करेगा। कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 27.18 लाख करोड़ रुपये) के बाजार को खोलेगा। उनके मुताबिक, टरटए, किसान और मछुआरे सबसे बड़े लाभार्थी होंगे और इससे महिलाओं और युवाओं के लिए लाखों नए रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। इसके अलावा भारत ने अगले पांच साल में अमेरिका से 500 अरब डॉलर (45 लाख 30 हजार करोड़ रुपये) के उत्पाद खरीदने पर सहमति जताई है।

### भारत-अमेरिका भविष्य में टैरिफ में बदलाव कर सकेंगे

दोनों देशों ने यह भी कहा है कि वे कुछ चुने हुए क्षेत्रों में अपने-अपने नियमों पर चर्चा करेंगे, ताकि इनका पालन करना आसान हो सके। अगर भविष्य में कोई देश तय टैरिफ में कोई बदलाव करता है, तो दूसरा देश भी अपने वादों में संशोधन कर सकता है।

### नॉन-टैरिफ बाधाओं को दूर करेंगे दोनों देश


पीयूष गोयल ने बताया कि दोनों देशों ने फैसला किया है कि वे इसके कुछ नियम तय करेंगे, ताकि इस समझौते का लाभ मुख्य रूप से अमेरिका और भारत को ही मिले, न कि किसी तीसरे देश को। दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार में आने वाली नॉन-टैरिफ बाधाओं को दूर करने पर काम करेंगे। भारत ने अमेरिकी मेडिकल डिवाइसेस के व्यापार में लंबे समय से चली आ रही रुकावटों को दूर करने का वादा किया है। साथ ही, अमेरिकी सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (ळ्ळ) उत्पादों के लिए आयात लाइसेंस की प्रकियाओं को आसान करेगा। भारत यह भी तय करेगा कि समझौते लागू होने के 6 महीने के अंदर कुछ चुनिंदा क्षेत्रों में अमेरिकी या अंतरराष्ट्रीय स्टैंडर्ड्स और टेस्टिंग आवश्यकताओं को स्वीकार किया जा सकता है या नहीं। इसका नतीजा सकारात्मक रखने की कोशिश की जाएगी। इसके अलावा, अमेरिकी खाद्य और कृषि उत्पादों में लंबे समय से मौजूद नॉन-टैरिफ बाधाओं को भी भारत दूर करने पर सहमत हुआ है।

### 500 अरब डॉलर मूल्य का सामान खरीदेगा भारत

भारत ने घोषणा की है कि वह अगले 5 सालों में अमेरिका से कुल 500 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के उत्पाद खरीदेगा। इनमें शामिल हैं: एनर्जी प्रोडक्ट विमान और विमान के पाट्र्स कीमती धातुएं टेक्नॉलाजी प्रोडक्ट कोकिंग कोल भारत को इस समझौते से मिलने वाले लाभ

अमेरिकी टैरिफ में कमीः भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के टैरिफ को 18 प्रतिशत तक घटाया गया है, जिससे भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी। चुनिंदा उत्पादों पर जीरो टैरिफः जेनेरिक दवाएं, रत्न और हीरे और विमान पाट्र्स पर पूरी तरह टैरिफ खत्म किया जाएगा, जिससे इन क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। 30 ट्रिलियन डॉलर के बाजार तक पहुंचः भारतीय टरटए, किसान, मछुआरे, महिलाओं और युवा उद्यमियों के लिए अमेरिकी बाजार में विस्तारित प्रवेश। निर्यात क्षेत्रों में बढ़ावाः टेक्सटाइल, चमड़ा और फुटवियर, प्लास्टिक और रबर उत्पाद, ऑर्गेनिक केमिकल्स, होम डेकोर, हस्तशिल्प और कुछ मशीनरी में नए अवसर। सेक्शन 232 छूटः विमान पाट्र्स पर अमेरिकी सेक्शन 232 के तहत छूट मिलेगी।

## ट्रम्प ने बराक-मिशेल ओबामा का वीडियो डिलीट किया: व्हाइट हाउस बोला- स्टाफ ने गलती से शेयर की



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया से पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा का वीडियो डिलीट कर दिया है। इस वीडियो में ओबामा और उनकी पत्नी को जंगल में प्राइमेट्स (बंदर) के रूप में दिखाया गया था।

यह वीडियो गुरुवार रात ट्रम्प के ट्रूथ सोशल अकाउंट पर शेयर किया गया था और शुक्रवार को हटा दिया गया। व्हाइट हाउस ने कहा कि यह पोस्ट एक स्टाफ की गलती से शेयर हुई थी। हालांकि, कुछ घंटे पहले ही व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा था कि पोस्ट में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है।

इस पोस्ट का काफी विरोध हो रहा था। नागरिक अधिकार संगठनों से लेकर ट्रम्प की अपनी रिपब्लिकन पार्टी के सीनियर नेताओं तक ने इसकी तीखी आलोचना की। वीडियो को लेकर ओबामा के एक प्रवक्ता ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जाएगी।

यह वीडियो ट्रम्प के उन कई पोस्ट्स में से एक था, जिनमें उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में धांधली का दावा किया। करीब एक मिनट के वीडियो में उन्होंने कहा किया कि 2020 के चुनाव में बैलेट गिनने वाली कंपनी डोमिनियन वोटिंग सिस्टम्स ने ट्रम्प के खिलाफ गड़बड़ी की थी। वीडियो के आखिर में कुछ सेकंड के लिए ओबामा दंपती के चेहरे बंदरों के शरीर पर दिखाए जाते हैं। उसी दौरान बैकग्राउंड में 'द लायन स्लीप्स टुनाइट' गाना बजता है। यह सीन एक अलग इंटरनेट मीम वीडियो से लिया गया था, जिसे पहले भी एक प्रभावशाली कंजर्वेटिव मीम मेकर ने फैलाया था। उस वीडियो में ट्रम्प को ह्यजंगल का राजाह्व और डेमोक्रेट नेताओं को जानवरों के रूप में दिखाया गया था। बराक ओबामा के करीबी और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बेन रोड्स ने इसे लेकर ट्रम्प के इतिहास का काला धब्बा बताया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अमेरिकी लोग ओबामा दंपती को सम्मानित शख्सियतों के तौर पर याद करेंगे, जबकि ट्रम्प को इतिहास के एक काले अध्याय की तरह पढ़ा जाएगा।

## पाकिस्तानी पीएम बोले- कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा:

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को ढ्ढड्ढ में कश्मीर को लेकर एक बार फिर विवादित बयान दिया है। मुजफ्फराबाद में विधानसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ह्यकश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा।

शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़ा है और जम्मू-कश्मीर विवाद का हल कश्मीर के लोगों की इच्छा के मुताबिक होना चाहिए। शहबाज ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विवाद का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों को लागू करने से ही हो सकता है।

### शहबाज बोले- हम शांति चाहते, यह न्याय के आधार पर संभव

शहबाज ने यह भी कहा कि पाकिस्तान क्षेत्र में शांति चाहता है, लेकिन यह शांति बराबरी और न्याय के आधार पर ही संभव है। हर साल की तरह इस साल भी 5 फरवरी को पाकिस्तान में कश्मीर एकजुटता दिवस (कश्मीर सॉलिडैरिटी डे) मनाया गया। इसमें रैलियां, प्रदर्शन और सेमिनार आयोजित किए गए। स्टेट रन रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि संघर्ष में जान गंवाने वालों की याद में सुबह 10 बजे एक मिनट का मौन रखा गया। लोग बैनर और प्लेकार्ड लेकर आए थे। भारत ने पाकिस्तान के दावों को लगातार खारिज किया है। नई दिल्ली का साफ कहना है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा रहेंगे।

## इस्लामाबाद धमाके पर भारत बोला:पाकिस्तान खुद को धोखा दे रहा;

# पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने भारत पर आरोप लगाया था, हमले में 31 मौतें हुईं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

भारत ने पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शुक्रवार सुबह शिया मस्जिद में आत्मघाती हमले की निंदा करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी। भारतीय विदेश मंत्रालय ने देर रात बयान जारी कर कहा कि हमले में भारत के शामिल होने का दावा निराधार और निरर्थक है।

विदेश मंत्रालय ने कहा- भारत इस्लामाबाद की मस्जिद पर हुए बम धमाके में जानमाल की हानि पर गहरी संवेदना व्यक्त करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान अपने सामाजिक ताने-बाने को जकड़े हुए मुद्दों का हल ढूंढने के बजाय, दूसरों को अपनी परेशानियों के लिए दोषी ठहरा रहा है।

विदेश मंत्रालय ने आगे कहा- पाकिस्तान खुद को ही धोखा दे रहा है। भारत ऐसे हर आरोप को खारिज करता है, जो निराधार और निरर्थक दोनों है। भारत का ये बयान पाकिस्तान के रक्षा मंत्री



ख्वाजा आसिफ के उस दावे के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि हमले में भारत और अफगानिस्तान शामिल थे। इस्लामाबाद में जुमे की नमाज के दौरान शिया मस्जिद (इमामबाड़ा) में आत्मघाती हमला हुआ था। पाकिस्तानी अखबार द डॉन के मुताबिक, हमले में 31 लोगों की मौत हो गई और 169 घायल हुए हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स में 69 मौतों की जानकारी दी जा रही है।

### राष्ट्रपति बोले- ये हमला इंसानियत के खिलाफ


आसिफ अली जरदारी ने धमाके में मारे गए लोगों के लिए शोक जताया है। उन्होंने कहा कि बेगुनाह लोगों को निशाना बनाना इंसानियत के खिलाफ है। जरदारी ने घायलों के जल्द ठीक होने की दुआ की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों को हर संभव बेहतर इलाज की सुविधा दी जाए।

### मंत्री ने कहा- ऐसी घटनाएं देश का हौसला नहीं तोड़ सकती

पार्लियामेंट्री अफेयर्स के मंत्री डॉ. तारिक फजल चौधरी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस्लामाबाद में हुए धमाके की मैं कड़ी निंदा करता हूं। इस हमले में मारे गए लोगों के लिए दुखी हूं। ऐसी आतंकी घटनाएं देश और लोगों का हौसला नहीं तोड़ सकती। जरूरत है कि हम सब मिलकर शांति के लिए एकजुट हों और कानून व्यवस्था संभालने वाली एजेंसियों के साथ मजबूती से खड़े रहें। इससे पहले भी 11 नवंबर 2025 को इस्लामाबाद के ऋ11 इलाके में जिला और सत्र न्यायालय के बाहर आत्मघाती धमाका हुआ था। उस धमाके में 12 लोगों की मौत हो गई थी और 30 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2025 के मुताबिक, बुर्किना फासो के बाद पाकिस्तान दुनिया का दूसरा सबसे आतंक प्रभावित देश बन चुका है, जबकि 2024 में यह चौथे स्थान पर था।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. आदत, स्वभाव-4
4. सुरक्षित-4
7. जरूरतमंद-5
9. भीगा हुआ-2
11. मक्का-मदीना की यात्रा-2
12. सोना, धतुरा-3
14. धक्का देना-4
15. खानाबदोश, बंजारा-4
16. अंधेरा, अंधकार-3
18. खामी, बुरी आदत-2
19. ईसाई साध्वी-2
21. नायक का विलोम-5
25. करिश्मा, करामात-4
26. महीन व महंगे कपड़े का एक प्रकार

**ऊपर से नीचे**

1. अंग्रेज, विदेशी-3
2. लीन, मगन-2
3. पैंदा, तला-2
4. रिश्तेदार-2
5. थूक, लेस-2
6. तहजीब, सलीका-3
8. देह, काया-3
10. टोने-टोटकों वाली किताब-5
11. स्वदेशवासी-5
12. कपड़े की दीवार-3
13. अनुमान, आकलन-3
17. राजी करना-3
18. चश्मा-3
20. अनुकृति-3
21. पत्र, चिट्ठी-2
22. होठ, अधर-5
23. मृत्यु देवता, यमराज-2
24. बीता हुआ दिन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | | 62 | | 2 | | 22 | = | 75 |
| | | | | | | | | |
| 22 | | 20 | | 5 | | 2 | = | 8 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 50 | | 54 | | 10 | = | 36 |
| | | | | | | | | |
| 40 | | 75 | | 40 | | 25 | = | 50 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 49 | | 17 | | 21 | | 9 | = | 97 / 20 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | अ | र | क्षा | वं | ध | न | ड़ | क | श |
| ना | वै | र | ह | र | म | त | द | हो | ली | त |
| ग | र | श | झ | श | शि | ह्य | र | ल | ल | त्रा |
| पं | म | द | खी | श | मी | ठे | शि | श | रा | क |
| च | र | ट | ध | व | मि | री | श | व | र | ट |
| मी | ह | प | न | पे | पू | ह | न | शि | रा | ती |
| र्श | र | म | अं | प | स | थ | दी | ल | थिं | त्रि |
| व | रा | व | ल | ध | ड़ | क | पा | क्षं | ज | दू |
| ग | ण | औ | र | जी | ल | ङ्ग | व | गो | र | ट |
| र | ल | प | चा | ऊँ | व | ल | ली | री | रु | थो |
| ग | पे | श | च | तु | थीं | व | श | तु | ध्व | ट |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | | |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| | 2 | 5 | | | | |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| | 2 | | 3 | | 1 | |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| | | | 4 | | 5 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पप्पू - नींद के पीछे मत भागो।
गप्पू - फिर?
पप्पू - भागना है तो
पढ़ाई के पीछे भागो...
नींद झक मार के आएगी।

0000000

सोनू मोनू आपस में बात
कर रहे थे
सोनू - यार मैं अपनी गर्लफ्रेंड को
बर्थडे पर क्या गिफ्ट दूं?
मोनू - मेरा मोबाइल नंबर दे दे।

00000000000

पति - आज खाना
क्यों नहीं बनाया?
पत्नी - गिर गई थी और लग गई।
पति - कहां गिर गई
और कहां लगी?
पत्नी - तकिए पर
गिर गई थी और
आंख लग गई थी।


000000000

टीचर - भारत की सबसे
खतरनाक नदी कौन सी है?
स्टूडेंट - भावना।
टीचर - कैसे?
स्टूडेंट - क्योंकि सब
इसमें बह जाते हैं।
टीचर बेहोश!

000000000

संता - पंजाब एक्सप्रेस
कब आएगी?
टीटी - पांच बजे।
संता - लोकल?
टीटी - 9 बजे... आपको
जाना कहां है?
संता - कही नहीं...
बस पटरी पर लेटकर
सेल्फी लेनी है।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# देशभर में आज ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स की हड़ताल: घटती कमाई और शोषण के खिलाफ प्रदर्शन; ओला, उबर और रैपिडो सर्विस प्रभावित होंगी



**देश भर में शनिवार को ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स (गिग वर्कर्स) की हड़ताल है। तेलंगाना गिग एंडप्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन और इंडियन फेडरेशन ऑफ ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स (क्रब्अळ) से जुड़े ड्राइवरों और वर्कर्स ने इस हड़ताल की घोषणा की है। यह हड़ताल ड्राइवरों की घटती कमाई, बढ़ते शोषण और सरकार की ओर से न्यूनतम बेस फेयर तय न किए जाने के विरोध में की जा रही है। इसमें ओला, उबर, रैपिडो, पोर्टर समेत अन्य ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट सेवाओं से जुड़े ड्राइवर शामिल होंगे। यूनियनों के मुताबिक, इस दौरान कैब और बाइक टैक्सी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। यूनियनों के मुताबिक, मोटर व्हीकल एग्रीगेटर गाइडलाइंस-2025 मौजूद होने के बावजूद केंद्र और राज्य सरकारों ने अब तक न्यूनतम बेस फेयर को नोटिफाई नहीं किया है। इसका फायदा उठाकर एग्रीगेटर कंपनियां मनमाने तरीके से किराया तय कर रही हैं।**



## 35 लाख ड्राइवर ओला-उबर से जुड़े हैं

**यूनियनों का आरोप है कि कंपनियां किराया कम करती जा रही हैं, जबकि सारा ऑपरेशनल जोखिम ड्राइवरों पर डाल दिया गया है। इससे काम के घंटे बढ़ रहे हैं, लेकिन उनकी कमाई लगातार घट रही है।**

TGPWU के संस्थापक अध्यक्ष, IFAT के को-फाउंडर और नेशनल जनरल सेक्रेटरी शेख सल्लाउद्दीन ने कहा कि गाइडलाइंस-2025 में किराया तय करने से पहले मान्यता प्राप्त यूनियनों से परामर्श अनिवार्य है, लेकिन सरकारों की निष्क्रियता के चलते प्लेटफॉर्म कंपनियां शोषण बढ़ा रही हैं। ओला-उबर प्लेटफॉर्म पर देशभर में करीब 35 लाख ड्राइवर रजिस्टर हैं। इस हड़ताल से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में सबसे ज्यादा असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। भोपाल में करीब 15 हजार गाड़ियां ओला-उबर से जुड़ी हैं, जबकि रैपिडो से लगभग 3 हजार बाइक पंजीकृत हैं। तेलंगाना गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर न्यूनतम किराया तय करने की मांग की है। इससे पहले IFAT से जुड़े डिलीवरी वर्कर्स ने 31 दिसंबर 2025 को भी देशव्यापी हड़ताल की थी। उस समय 10 मिनट में डिलीवरी, कम वेतन, खराब कामकाजी हालात और सामाजिक सुरक्षा के अभाव को लेकर विरोध किया गया था। इसमें स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकिट, जेप्टो जैसी कंपनियों के राइडर्स शामिल थे। हड़ताल के बाद इन प्लेटफॉर्म्स ने ब्रांडिंग से 10-मिनट डिलीवरी का दावा हटा दिया। अब एप पर केवल मिनटों में डिलीवरी जैसे शब्दों का उपयोग कर रहे हैं। एक आम आदमी पार्टी (AAP) सांसद ने बातचीत में कहा कि स्विगी-जोमैटो डिलीवरी बॉय, ब्लिंकिट-जेप्टो राइडर और ओला-उबर ड्राइवरों की मेहनत से ही बड़ी कंपनियां कमाई कर रही हैं, लेकिन इस पूरे इकोसिस्टम में सबसे ज्यादा दबाव और शोषण गिग वर्कर्स पर है।

### भारत में टोटल वर्क फोर्स का 2% गिग वर्कर्स



| | |
|---|---|
| **कुल गिग वर्कर्स** 1.20 करोड़ | **ई-कॉमर्स** 37 लाख |
| **लॉजिस्टिक्स** 15 लाख | **40% गिग वर्कर्स** प्रति महीने कमाई 15,000 रुपए से भी कम |
| **2021** गिग वर्कर्स की संख्या 77 लाख | **2030** गिग वर्कर्स की संख्या 2.5 करोड़ होने का अनुमान |

सोर्स: केंद्र सरकार का इकनॉमिक सर्वे 2026

### गिग वर्कर्स की मांगें



- मजबूत कानून बने
- काम के घंटे तय हों
- कंपनी में 'वर्कर' का दर्जा मिले
- काम के दौरान सेफ्टी और इंश्योरेंस मिले
- ID ब्लॉकिंग और रेटिंग सिस्टम बंद हो
- मिनिमम सैलरी तय हो, पेंशन और PF मिले

### कितने घंटे काम कर रहे गिग वर्कर्स

10 हजार से ज्यादा वर्कर्स पर सर्वे

**एप बेस्ड कैब ड्राइवर**



| | |
|---|---|
| **31%** 14 घंटे से ज्यादा काम | **43%** 500 रुपए तक ही कमाई |

**डिलीवरी पार्टनर**



| | |
|---|---|
| **75%** रोज 10 घंटे से ज्यादा काम | **87%** कभी न कभी आईडी ब्लॉक हुई |
| **50%** परिवार के लिए सिर्फ 1-2 घंटे मिले | **60%** परिवार का खर्च चलाना मुश्किल |

सोर्स: PAIGAM की 2024 की रिपोर्ट

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 07 फरवरी, 2026

सुभाषितानि

सत्येन धार्यते पृथ्वी सत्येन तपते रविः।
सत्येन वायवो वान्ति सर्वं सत्ये प्रतिष्ठितम्॥

**भावार्थ** : सत्य से पृथ्वी का धारण होता है, सत्य से सूर्य तपता है, सत्य से पवन चलता है। सब सत्य पर आधारित है।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

**भावार्थ** : धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है।

## सम्पादकीयम्

### भारतेन ७५.८५ अब्ज डॉलर निर्यातः

भारतेन ७५.८५ अब्ज डॉलर निर्यातः, ६०.६८ अब्ज डॉलर आयातः च अभवत्। भारतस्य कुलनिर्यातस्य प्रायः १७% भागः यूरोपीयविपण्यं प्राप्नोति। व्यापारसौदानां अनन्तरं अधिकांशः मालः शुल्करहितः भविष्यति अतः व्यापारस्य वृद्धिः भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति। पेट्रोलियम-उत्पादाः, वस्त्राणि, यन्त्राणि, आभूषणं, औषधक्षेत्रं च उन्नतिं प्राप्तुं शक्नुवन्ति, येन नूतननिवेशस्य मार्गः उद्घाटितः भवति। अमेरिकादेशेन सह वातार्लापं करोति।
वैश्विकभूराजनीतिं दृष्ट्वा भारतेन स्वव्यापारसाझेदारानाम् विविधतायाः आवश्यकता वर्तते। सौभाग्येन सर्वकारः अस्मिन् दिशि निरन्तरं कार्यं कुर्वन् अस्ति। गतवर्षे यूके, ओमान, ईएफटीए च सह व्यापारसौदाः अन्तिमरूपेण निर्धारिताः आसन्। यूरोपीयसङ्घस्य सह अमेरिकादेशेन सह प्रचलति वातार्यां अपि ध्यानं केन्द्रितम् अस्ति। केनचित् कठोरवाक्पटुतायाः अनन्तरं नूतनदिल्ली-वाशिङ्गटनयोः मध्ये वार्ता पुनः मार्गं प्राप्ता इति दृश्यते, यत् सुसमाचारः इति मन्यते। यूरोपीयसङ्घस्य सौदाः अमेरिकादेशेन सह प्रचलति वातार्यां अपि प्रभावं कर्तुं शक्नोति। चीनदेशं प्रति प्रतिक्रियां दत्त्वा। अमेरिकायाः अस्थिरनीतीनां कारणात् भारतस्य यूरोपस्य च नूतनानां, सशक्तानाम् मित्रराष्ट्रानां आवश्यकता वर्तते। अपि च चीनदेशः प्रमुखं साधारणं आव्हानं स्थापयति। उभयोः देशयोः बीजिंग-सङ्गठनेन सह व्यापारघाताः अभिलेखस्तरं प्राप्तवन्तः। चीनदेशेन भारतस्य यूरोपस्य च विनिर्माणक्षेत्रेषु क्षयः अभवत्।

**बगराजीपुलिसस्थाने पुलिसविरुद्धाः गम्भीराः आरोपाः**

# एकः युवकः स्वस्य दुःखस्य कथनार्थं सपा-कार्यालयं प्राप्तवान्




ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

कुण्डमपुलिसस्थानस्य अन्तर्गतं बघराजीपुलिसस्थानकं पुनः विवादेषु उलझितम् अस्ति यतः एकेन युवकेन पुलिसकर्मचारिभिः क्रूरप्रहारस्य सनसनीभूतारोपाः कृताः। शनिवासरे प्रातः ९:३० वादनस्य समीपे सपा-कार्यालयम् आगता पीडिता सन्नी सोनी इत्यनेन न्यायस्य याचनां कृत्वा लिखितशिकायतां प्रदत्तवती, बघराजी-स्थानके तैनातस्य उपनिरीक्षकस्य (एसआई) सहितस्य अन्येषां पुलिस-अधिकारिणां कायार्णां विषये गम्भीराः प्रश्नाः च उत्थापिताः। यद्यपि सम्पूर्णविषये वरिष्ठपुलिसपदाधिकारिभिः आधिकारिकपुष्टिः वा वक्तव्यं वा न जारीकृतम् तथापि पीडितायाः शिकायतया प्रशासनिकवृत्तेषु हलचलः उत्पन्नः। अनधिकृतस्त्रोतानां स्थानीयगपशपानां च अनुसारं पुलिसप्रशासनेन सत्यतायाः निश्चयार्थं विषयस्य आन्तरिकजागृतेः संकेतः दत्तः अस्ति। घरेलुविवादरूपेण आरब्धा एषा घटना पुलिसस्थानकस्य दहलीजं लङ्घ्य नूतनं विवादास्पदं च परिवर्तनं कृतवती ।

समाचारानुसारं एषा घटना पारिवारिकविवादात् उद्भूता, यत्र सन्नी सोनी इत्यस्याः पत्नी शिवानी बघराजीपुलिसस्थाने घरेलुविवादस्य विषये शिकायतां दातवती। पीडितायाः आरोपः अस्ति यत् एतस्याः शिकायतया आधारेण पुलिसैः तां स्टेशनं आहूय प्रायः द्वौ घण्टां यावत् अवैधरूपेण निरुद्धा, यत्र सम्यक कानूनी प्रक्रिया नासीत्। शिकायतया सन्नी गम्भीरान् आरोपान् करोति यत् तत्र उपस्थिताः एस.आइ. परन्तु अनधिकृतपुलिसस्त्रोताः वदन्ति यत् पुलिस केवलं पक्षद्वयस्य मध्यस्थतां कृत्वा विवादस्य समाधानं कर्तुं प्रयतते स्म। परन्तु आक्रमणस्य आरोपैः पुलिसस्य परामर्शप्रक्रियायां संशयः उत्पन्नः अस्ति। अधुना अन्वेषणस्य विषयः अस्ति यत् पुलिसैः तेषां शिष्टाचारस्य उल्लङ्घनं कृतम् अथवा एतत् केवलं दबावस्य प्रयासः एव अस्ति वा इति। विश्लेषणात्मकदृष्ट्या अयं प्रकरणः पुलिसस्य प्रतिबिम्बस्य कार्यशैल्याः च विषये अनेके प्रश्नाः उत्थापयति। यदि पीडितेः आरोपाः सत्याः सन्ति तर्हि एतत् गम्भीरं मानवअधिकारस्य उल्लङ्घनं भवति, विशेषतः यतः पारिवारिकविवादेषु पुलिसैः मध्यस्थभूमिका कर्तव्या, न तु दण्डात्मका पुलिस अधीक्षकस्य कार्यालये दाखिलशिकायतया सन्नी स्वस्य चोटस्य मानसिकयातनायाः च उल्लेखं कृत्वा निष्पक्षजागृतेः आग्रहं कृतवती अस्ति। इदानीं पुलिस आधिकारिकतया प्रतीक्षा-दृष्टि-वृत्तिम् अस्थापयति, सम्बन्धित-चौकी-प्रभारीतः विस्तृत-प्रतिवेदनस्य अनुरोधं कर्तुं शक्नोति च। अस्मिन् अङ्कीययुगे यत्र प्रत्येकस्य क्रियाकलापस्य निरीक्षणं भवति, तत्र पुलिस-स्थानकस्य अन्तः अस्याः कथितस्य घटनायाः प्रमाणानि संग्रहणं वरिष्ठपुलिस-अधिकारिणां कृते प्रमुखा आव्हानं भविष्यति।

**डिजिटलनिमार्ता मृणालपाञ्चालः**

# कष्टप्रदवेदनाम् अनुभवित्वा शल्यक्रियाम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

लोकप्रियः डिजिटलनिमार्ता सामाजिकमाध्यमप्रभावकः च मृणालपाञ्चालः अद्यैव स्वस्य स्वास्थ्यस्य विषये एकं आश्चर्यजनकं प्रकाशनं कृतवान्, येन तस्याः कोटिकोटि अनुयायिनः सामाजिकमाध्यमप्रयोक्तारः च प्रेरिताः। मृणालः व्याख्यातवान् यत् सा चिरकालात कष्टप्रदवेदनायाः पीडिता आसीत, परन्तु सा सामान्यकालवेदना अथवा पीसीओएस इति मत्वा तस्य अवहेलनां कृतवती अद्यतनपरीक्षायां १५ सेन्टिमीर्ट व्यासस्य त्वक्रूपपुटी ज्ञाता, यस्य शल्यक्रिया आवश्यकी आसीत्। सा सामाजिकमाध्यमेषु अस्य घटनायाः विषये एकं भावुकं पोस्ट् साझां कृतवती, यत्र जनान् स्वास्थ्यसचेतनाः भवितुं आग्रहं कृतवती।

मृणालपाञ्चालः व्याख्यातवती यत् एतादृशे कठिनपरिस्थितौ २०२६ वर्षस्य आरम्भः भविष्यति इति सा कदापि न कल्पितवती। सा अवदत् यत् गतदिनानि तस्याः कृते मानसिकतया शारीरिकतया च अत्यन्तं आव्हानात्मकानि सन्ति। सा प्रकटितवती यत् विगतवर्षद्वयात सा स्वस्वास्थ्यविषये अतीव जागरूकः आसीत्, नियमितरूपेण व्यायामं करोति, सन्तुलितं आहारं च अनुसृत्य आसीत्। सा विश्वसिति स्म यत् सा स्वशरीरस्य सम्यक पालनं करोति, परन्तु सा निरन्तरं वेदनाम्, शरीरे परिवर्तनं च सामान्यसमस्या इति मन्यते स्म। सा व्याख्यातवती यत् यदा वेदना वर्धते स्म, तस्याः शरीरे केचन असामान्यपरिवर्तनानि अपि अनुभवितुं आरब्धानि तदा तस्याः चिकित्सापरीक्षा कृता परीक्षायाः समये वैद्याः तस्याः दक्षिणं अण्डकोषं आच्छादयन् १५ सेन्टिमीट व्यासस्य विशालं चर्मरूपपुटं।

## प्रधानमन्त्री मोदी स्वसन्देशे अपि अवदत् यत् आर्थिकसर्वक्षणं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

युवानां कृते नूतनान् अवसरान् सृजति। कौशलविकासप्रशिक्षणयोः सर्वकारस्य निवेशः अपि भविष्यस्य विकासकथायाः प्रमुखघटकरूपेण उद्धृतः अस्ति। प्रधानमन्त्री मोदी स्वसन्देशे अपि अवदत् यत् आर्थिकसर्वक्षणं भारतस्य यात्रां प्रतिबिम्बयति, यत्र सुधाराः, स्थिरता, समावेशीवृद्धिः च एकत्रैव अग्रे गच्छन्ति। सः पुनः अवदत् यत् सर्वकारस्य लक्ष्यं केवलं आर्थिकदत्तांशस्य उन्नयनं न, अपितु सामान्यनागरिकस्य जीवनस्तरस्य उन्नयनं भवति। तस्य मते सर्वेक्षणे प्रदत्ताः सूचकाः भारतं सम्यक दिशि गच्छति इति प्रमाणम् अस्ति। समग्रतया आर्थिकसर्वक्षण २०२५-२६ स्पष्टं करोति यत् वैश्विकचुनौत्यस्य अभावेऽपि भारतस्य अर्थव्यवस्था सुदृढभूमौ तिष्ठति। निरन्तरसुधारैः, नीतिस्थिरतायाः, दीर्घकालीनदृष्ट्या च देशः न केवलं वर्तमानचुनौत्यं सम्मुखीभवति अपितु भविष्यस्य कृते अपि स्वस्य सज्जतां कुर्वन् अस्ति प्रधानमन्त्रिणः।

## राशिफल

**मेष** : समय-समय पर ब्रेक जरूर लेते रहें। अनावश्यक खर्च से दूरी बनाकर रखें। सेहत सामान्य रहेगी।

**वृषभ** : करियर में अपनी जगह बनाने के लिए मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी। किसी पुराने इन्वेस्टमेंट से मनचाहा रिटर्न नहीं मिलेगा।

**मिथुन** : खर्च को इस वक्त कंट्रोल करने की जरूरत है। प्रोफेशनल लाइफ में अचीवमेंट मिलेंगी।

**कर्क** : आज आपकी लवलाइफ में चल रही दिक्कतें सॉल्व हो जाएंगी। कोशिश करें कि निवेश को लेकर खास ध्यान दें।

**सिंह** : काम को समय पर पूरा करने पर फोकस रखें। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। ईगो से बचें नहीं तो रिश्तों में दूरी आ सकती है।

**कन्या** : थकान हो तो खुद को समय दें। सेहत सामान्य, बस खुद को ज्यादा थकाएं नहीं। इससे आपको पहचान मिल सकती है।

**तुला** : साझेदारी के काम में लाभ हो सकता है। कला, फैशन या क्रिएटिव फील्ड से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** : नए आइडिया शेयर कर सकते हैं। दांपत्य जीवन में भी खुशियों का अनुभव करेंगे।

**धनु** : अपने प्रोफेशनल रिश्ते को मजबूत बनाए रखने के लिए मुद्दों की जांच करें। प्रोफेशनल लाइफ में भी दिन सही जाएगा।

**मकर** : सिंगल लोगों को किसी पार्टी, स्कूल या यहां तक कि सोशल इवेंट्स में कोई स्पेशल साथी मिल सकता है।

**कुंभ** : जीवन में ऊर्जा और उत्साह भरपूर होगा। आय के नए साधनों से धन लाभ होगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

**मीन** : अपनी सेहत के लिए पानी पीते रहें और आराम करें। प्यार में दोस्ती वाली समझ रिश्ते को और गहरा करेगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# शनि की राशि में लगेगा सूर्य ग्रहण, इन राशियों को करना होगा चुनौतियों का सामना

सूर्य ग्रहण के समय सूर्य की ऊर्जा कमजोर हो जाती है, जिसका असर कुछ राशियों के जीवन पर नकारात्मक रूप से देखने को मिल सकता है। आइए जानते हैं किन राशियों को सावधान रहने की जरूरत है और कौन-से उपाय लाभदायक रहेंगे।

वर्ष 2026 का पहला सूर्य ग्रहण 17 फरवरी को पड़ने जा रहा है। यह ग्रहण शनि की राशि कुंभ में लगेगा। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार सूर्य ग्रहण के समय सूर्य की ऊर्जा कमजोर हो जाती है, जिसका असर कुछ राशियों के जीवन पर नकारात्मक रूप से देखने को मिल सकता है। इस दौरान कुछ राशियों को चुनौतियों और मानसिक दबाव का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि सही उपाय अपनाकर इन प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आइए जानते हैं



किन राशियों को सावधान रहने की जरूरत है और कौन-से उपाय लाभदायक रहेंगे।

**सिंह राशि-** सूर्य आपकी राशि के स्वामी हैं, ऐसे में सूर्य ग्रहण का असर आप पर ज्यादा हो सकता है। इस दौरान आत्मविश्वास में कमी महसूस हो सकती है। करियर से जुड़े मामलों में सतर्क रहने की जरूरत है और किसी भी बड़े फैसले को टालना बेहतर रहेगा। कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारी आपके काम पर नजर रख सकते हैं, इसलिए हर जिम्मेदारी को सोच-समझकर निभाएं।

**कन्या राशि-** सूर्य ग्रहण आपके छठे भाव में घटित होगा। इस कारण विरोधी सक्रिय हो सकते हैं और आपके काम में रुकावट डालने की कोशिश कर सकते हैं। किसी पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करना नुकसानदायक हो सकता है। रुके हुए कामों में देरी हो सकती है, इसलिए धैर्य बनाए रखें और जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें।

**वृश्चिक राशि-** आपकी राशि के चतुर्थ भाव यानी सुख भाव में सूर्य ग्रहण लगेगा। इस वजह से माता-पिता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ सकती है, उनका विशेष ध्यान रखें। इस समय धन निवेश से बचना ही समझदारी होगी। गलत संगति से दूरी बनाए रखें, वरना आर्थिक नुकसान हो सकता है। जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों में भी सोच-समझकर कदम बढ़ाएं।

**कुंभ राशि-** सूर्य ग्रहण आपकी ही राशि में लगने वाला है, जिससे मानसिक तनाव और उलझनें बढ़ सकती हैं। बेवजह की चिंताएं शारीरिक सेहत को भी प्रभावित कर सकती हैं। पारिवारिक जीवन में संतुलन बनाए रखें और विवादों से दूरी बनाकर रखें।

## खबर एक नजर...

### बिरलाग्राम-खाचरौद में लूट करने वाले का नहीं मिला सुराग

**उज्जैन।** खाचरौद के ग्राम लसुडिया खेमा औ वाचाखेड़ी के बीच बुधवार को दिनदहाडे समूह लोन से जुड़े कर्मचारी के साथ बाइक सवार 3 बदमाशों ने चाकू की नोंक पर 52 हजार रुपए लूट लिये थे। वहीं रात में बिरलाग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम गिदवानिया और खुरमंडी के बीच बाइक पर ही सवार 3 बदमाशों ने पुत्र और मां पर चाकू से हमला कर चांदी के आभूषण लूट लिये थे। 2 थानों के बीच हुई लूट की संगीन वारदातों के बाद 2 थानों की पुलिस बदमाशों की तलाश में निकल पड़ी थी। आशंका जताई गई कि दोनों वारदात में एक ही गैंग के बदमाश शामिल है। पुलिस ने कैमरों के फुटेज खंगाले तो खाचरौद में हुई वारदात के बदमाश बदनावर मार्ग तक भागते दिखाई दिये। बिरलाग्राम क्षेत्र में रात के समय हुई वारदात के चलते स्पष्ट फुटेज सामने नहीं आ सके, ना ही रूट ट्रेस हो सका। पुलिस की अलग-अलग टीम बदमाशों की तलाश में लगी हुई है, शुक्रवार शाम तक बदमाशों की ना तो पहचान हो पाई थी, ना ही सुराग मिल पाया था।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 670-3 | 135-9 |
| मेन बाजार | 889-5 | 123-6 |
| मिलन डे | 347-4 | 169-6 |
| मिलन नाइट | 359-7 | 359 -7 |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 |

### आमजन की समस्या भी सुन रही बड़नगर थाने की 10 टीम

# मंदिरों की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर 40 गांवों में पहुंची पुलिस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। आभूषणों के दामों में बेतहाशा तेजी और पिछले दिनों ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में हुई चोरी के मामलों में पुलिस अब मंदिरों की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर मुस्तैद दिखाई दे रही है। बड़नगर थाना पुलिस की 10 टीमों ने चार से पांच दिनों में 40 गांवों के मंदिरों की सुरक्षा को लेकर पुजारियों, समिति सदस्यों से चर्चा की।

बड़नगर एसडीओपी महेन्द्रसिंह परमार और थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि इंगोरिया के दंगवाड़ा और घट्टिया थाना क्षेत्र के नजरपुर में 2 मंदिरों से पिछले दिनों बदमाशों ने सोने-चांदी के आभूषणों और दानपेटी से राशि चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। जिले में हुई वारदातों के साथ ही आसपास के जिलों में भी मंदिरों से आभूषण चोरी की खबरे सामने आई है। इन दिनों सोने-चांदी के भाव में काफी तेजी बनी हुई है। बदमाशों ने मंदिरों का रूख कर वहां भगवान की प्रतिमा से आभूषण, छत्र चोरी करना शुरू कर दिया है। इसको लेकर पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा जिले में मंदिरों की सुरक्षा-व्यवस्था का पुख्ता करने के निर्देश जारी किये है। इस क्रम में बड़नगर थाना पुलिस की 10 टीम बनाई गई है। जो चार से पांच दिनों में तहसील के 40 गांवों में बने मंदिरों तक पहुंची और पुजारियों के साथ मंदिर समिति के सदस्यों से चर्चा कर सुरक्षा की दृष्टि से रात में प्रतिमाओं पर आभूषण नहीं रखने की बात कहीं। मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे, चौकीदारों की नियुक्ति के निर्देश भी दिये। तहसील के हर छोटे-बड़े मंदिर के पुजारियों से चर्चा की जा रही है।





**90 बदमाशों से भरवाया बाउंड ओवर-** थाना प्रभारी के अनुसार आगामी दिनों में महाशिवरात्री, होली पर्व के साथ रमजान पर्व मनाया जाना है। त्यौहारों के समय हुडदंग ना हो इसको लेकर भी गुंडे-बदमाशों को चिन्हित किया जा रहा है। पांच से छह दिनों में 90 बदमाशों, आरोपियों को चिन्हित कर उनसे बाउंड ओवर भरवाये गये और हिदायत दी गई है। सुरक्षा के साथ कानून व्यवस्था को बनाये रखने में पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है।

### ग्रामीणों की समस्या भी सुन रही पुलिस

थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिये पहुंची रही पुलिस की टीम ग्रामीणों की समस्या सुन रही है। इस दौरान ग्रामीण का कहना है कि पुलिस क्षेत्रों में लगतार भ्रमण करती रहे। शाम ढलने के बाद शराब पीने वाले आने-जाने वाले लोगों से बेवजह झगड़ा कर मारपीट करते है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। ऐसे शराबियों की शिकायत करने से कई लोग डरते है, पुलिस अपनी ओर से ऐसे लोगों पर संज्ञान ले। ग्रामीणों की समस्या सामने आने पर पुलिस ने कस्बे के 10 मोहल्लों में जागरूक नागरिकों की मीटिंग आयोजित कर पुलिस का सहयोग करने की बात कहीं है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com